प्रश्न और उत्तर इब्रानियों भाग 2

मैं सबसे पहले आप में से हर एक को धन्यवाद देना चाहता हूं जिनको यह संदेश मिला था कि "पत्नी के लिए प्रार्थना करें।" वह बहुत, बहुत बीमार थी। हम नहीं जानते थे कि यह क्या था, और नहीं जानते कि क्या बात जगह लेती है, यह बस गंभीर रूप से उल्टी हो रही थी और वह व्यावहारिक रूप से बेहोश थी, और लगभग एक सौ पांच बुखार था, उसे बर्फ के कंबल में लपेट कर रखना था। सो... लेकिन वो अब ठीक है। बुखार चला गया है, और वह ठीक है। सो वह बहुत ही कमजोर है, मुझे लगता है लगभग दस पाउंड वजन कम हो गया है। वह नहीं... आज रात उसने रविवार के बाद से अपना पहला निवाला खाया है। और सो वह बहुत ही बीमार थी, और हमने उसके लिए प्रभु पर भरोसा किया, और उसने बस उसमें से होकर ले उसे बाहर निकाला। अब हम आपको बताना चाहते हैं कि प्रार्थना करना जारी रखें कि वह अपनी शक्ति को वापस पा ले।

304 और अब, इस आने वाले सप्ताह के अंत में, प्रभु ने चाहा तो, मुझे मियामी जाना है। मेरा पुराना मित्र, भाई बोसवर्थ घर जा रहे है, और वह अब लगभग सौ वर्ष के हो गये है। और उसने मुझे फोन किया, उसने कहा, "भाई ब्रंहम, आकर मुझसे अभी मिल ले, मेरे जाने से पहले मैं आपको कुछ बताना चाहता हूं।" और वह... तो ठीक है, मैं सोचता हूं कि वह मेरे लिए प्रार्थना करना चाहता है, और उसके जाने से पहले अपने हाथ मुझ पर रखें, आप जानते हैं।

305 और मैं—मैं आशा करता हूं कि मैं अपने दिनों का अंत एफ. एफ. बोसवर्थ की तरह प्रतिष्ठा के साथ कर सकूं। उन सारे पुरुषों में से जिन्हें मैं संसार में जानता हूं, हर एक मनुष्य जिनसे मैं कभी संसार में मिला हूं, मैं कभी ऐसे मनुष्य से नहीं मिला जिसके जैसा बनने के लिए मैं इतना इच्छुक रहा हूं, जैसे एफ. एफ. बोसवर्थ; एक सेवक के नाई—नाई, मेरा जो अर्थ है। मैंने कभी भी एक व्यक्ति को नहीं सुना, संसार भर में, कहीं भी, कभी भी एफ. एफ. बोसवर्थ के बारे में कोई बयान दिया हो, सिवाये जो बिल्कुल ठीक सब कुछ थे "एक मसीही," और हर एक चीज "एक सच्चा भाई।"

306 "विदा होते समय की रेत पर हमारे पैरों के निशान छोड़ जाते है।" वह एक अद्भुत भाई है, और वह अब बहुत ही बुजुर्ग हो गये है, सौ वर्ष के लगभग। सो वह—वह अब घर जा रहे है, ऐसा ही है, और उन्होंने मुझे बताया। वह जानते थे कि वह जा रहे थे, और बस प्रतीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि उनके जीवन का सबसे मधुर समय ठीक अभी है जब वह बस प्रतीक्षा कर रहे है, लेकिन उन्होंने कहा कि वह जान जानते है कि वह जा रहे थे।

307 मैंने कहा, "मुझे इस सप्ताह मिशिगन जाना होगा, भाई बोसवर्थ।"

308 और उन्होंने कहा, "भाई ब्रंहम, इसे अधिक समय तक ना करे, मैं अधिक समय तक नहीं रह सकता। मैं हर समय कमजोर होता जा रहा हूं।"

309 सो वे मेरे लिए बहुत गहरे मित्र रहे है, कि वहां ना जाऊं। अब, यदि मुझे वहां उड़ान को भरना है, तो मैं—मैं वापस उड़ान भरना होगा और हो सकता है कम से कम रविवार की रात तक वापस आऊं; यदि नहीं, तो ठीक है, तो मुझे गाड़ी चलाना होगा, और हो सकता है इसमें मुझे थोड़ा अधिक समय लगे।

310 और भाई बोसवर्थ के लिए प्रार्थना करें। बस प्रार्थना करें कि परमेश्वर... और जब वो बूढ़े कुलपति को लेता है, कि वह अब एक अग्निमय रथ को भेजेगा और उसे उठा लेगा, देखो। मैं उनसे प्रेम करता हूं, वह मेरे लिए पिता के समान है।

311 एक और बूढ़ा व्यक्ति... वह और भाई सेवार्ड। मैं—मैं एक प्रकार से बूढ़े लोगों का भागीदार हूं, मैं—मैं उनसे प्रेम करता हूं। और बूढ़े भाई सेवार्ड, वे भी इसी तरह से सोने के लिए चले गए। निश्चय ही, भाई सेवार्ड इतने बूढ़े नहीं थे, मैं नहीं सोचता, जैसे भाई बोसवर्थ है।

312 और भाई बोसवर्थ के लिए प्रार्थना करें। इस जगह पर हर चीज गुलाब जैसी नहीं होती है, लेकिन यह—यह... उन्हें आपकी प्रार्थनाओं की आवश्यकता है, पर किसी भी चीज के लिए नहीं, लेकिन बस उसके... कि परमेश्वर उसे शांति से जाने दे।

313 अब... और फिर हम यह भी याद रखना चाहते हैं, कि कल, प्रभु ने चाहा तो, हम इस कलीसिया के अपने एक मित्र को दफनाने वाले हैं, भाई सोल कोट्स। वह यहां पर बहुत बार रहा है, वर्षों से डाकघर में काम को किया है। और उस रात वहां वेटरन्स अस्पताल में उसकी मृत्यु हो गई।

भाई कॉक्स और मैं उनसे मिलने के लिए वहां पर गए थे, और वे... बहुत ही मंद पड़ गया था। और वह अब जा चुके है, एक मसीही। और हम उसे कल दोपहर एक बजे कूट्स के अंतिम संस्कार गृह पर दफनाएंगे, भाई नेविल और मैं। नेविल के तीन जन गाएंगे; और हम सभाओ को विभाजित करेंगे, भाई नेविल और मैं। यही है, मैं नहीं जानता था कि हमने क्या व्यवस्था की थी, और मेडा के वजह से। और इसलिए, फिर, उसका अंतिम संस्कार कल दोपहर एक बजे कूट्स के अंतिम संस्कार गृह में होगा।

314 और उसके बाद, दो बजे, शुक्रवार को, श्रीमान व्हीलर। हम उसे पॉड व्हीलर कहते थे; वह एक है, मैं वास्तव में भूल गया हूं कि उसका क्या सही... और, आप जानते हैं, मैंने—मैंने इसे अभी अखबार में देखा है और नहीं जानता था कि यह कौन था, जब तक मुझे पता नहीं चला। वह वर्षों से हमारा पड़ोसी था, और—और वो अभी–अभी गुजर गये है। उस रात वह ठीक यहां कलीसिया के सामने था, और मैं उसे कलीसिया में लेकर आने की कोशिश कर रहा था। एक रात, लगभग तीन सप्ताह पहले, ठीक वहां पर खड़ा था, और मैं बस उसे कलीसिया में आने के लिए तैयार करने की कोशिश कर रहा था। क्योंकि, मैं नहीं सोचता कि वह कलीसिया गया था या किसी भी प्रकार का कोई पेशा था, फिर भी उसके पास एक लड़का है जो एक बैपटिस्ट प्रचारक है। लेकिन उसका कोई पेशा नहीं था जहां तक मैं जानता हूं, और वह अब परमेश्वर से मिलने के लिए चला गया है। इसलिए यह शुक्रवार दोपहर दो बजे कूट्स के अंतिम संस्कार गृह में होगा। और भाई नेविल और वे लोग गायेंगे, वहां उस अंतिम संस्कार में।

315 और इसलिए, यदि आप में से कोई भी जो सभाओं में उपस्थित होना चाहता है, तो वह कल दो बजे है, मेरा मतलब, कल एक बजे। मैं सोचता हूं कि यह सही है। क्या ऐसा नहीं है, भाई? और दो बजे, दूसरे दिन पर। क्या यह सही है? दो बजे, कूट्स के अंतिम संस्कार गृह में।

316 और अब, रविवार की सुबह... शनिवार को प्रसारण होगा। और भाई नेविल शायद आपको बता देंगे, तब तक, बस क्या... यदि हमारे पास रविवार की रात के लिए एक चंगाई की सभा हो सकती है, या हम जिस समय वापस आएंगे यदि मैं भाई बोसवर्थ को देखने के लिए फ्लोरिडा के लिए—के लिए उड़ान भरुंगा। मैं नहीं जानता कि मैं उससे कैसे दूर जाऊं, वह कितना प्यारा पुराना मित्र है। और संभवत: है हमारा मिलने का लिए

अंतिम समय हो, यदि, प्रभु इस धरती पर इसकी अनुमति देता है। और वह... मैं नहीं जानता कि मैं उससे तुरंत दूर जा सकूंगा या नहीं; और मैं उससे दूर नहीं जाना चाहता, लेकिन, आप जानते हैं कि यह किस तरह से है, आपके पास अन्य चीजें होती हैं जो आपको करनी हैं।

317 अब एक कथन है जो मैं यहां कहना चाहता हूं, जबकि वहां बहुत से लोग नहीं हैं, और लोग जो मेरे मित्र हैं।

318 मैं बहन स्मिथ को वहां देखकर खुश हूं। पहली बार मैंने उसे लंबे समय में देखा था। आप कैसी है बहन स्मिथ? प्रभु, एक वर्ष पहले, मैं सोचता हूं कि पिछली बार मैंने आपको देखा था... [बहन स्मिथ बोलती है—सम्पा।] बेंटन हार्बर में, मैं आशा करता हूं कि मैं किसी समय वहां पर जाऊंगा। यह ठीक है। मैं सोचता हूं कि पिछली बार मैंने आपको लुइसविले में अंतिम संस्कार की सभा में देखा था। और मुझे बहन स्मिथ अच्छी तरह याद है। हम कैसे... मैं अक्सर उसे ट्रक में बैठाकर लाता था, जब हम कलीसिया जाते थे। पुराने कोयले का डाबर इसके पीछे की ओर लटक रहा था और चक्के के प्रतिरोधक ऊपर और नीचे झूल रहे थे, और यह ठंडा था; और मैं, एक पैर बाहर की ओर करके बैठा होता। ओह, प्रभु! तब से नदी में बहुत सारा पानी बह चुका था, बहन स्मिथ। जी हां, श्रीमान। तो ठीक है, हम उन बहुमूल्य यादों के लिए प्रभु को धन्यवाद देते हैं, और अब भी उससे प्रेम करते हैं।

319 एक बात, किसी को आश्चर्य हो सकता है, एक रात... मैं भाई फ्रेमन से यहाँ रास्ते पर बात कर रहा था। और कभी तो किसी ने कहा, "जैसे ही सभा समाप्त हो जाती है, भाई ब्रंहम कौन सी बात को नीचे उतरकर और जाने को लगाती हैं?"

320 यहाँ यह बात ऐसी है, मेरी पत्नी अकेली होती है। देखा? और यदि मैं बात करता हूं, तो मैं आधी रात तक बात करूंगा, और वह वहां पर होती है, ज्यादातर समय अकेले ही बैठी रहती है। और यही कारण है कि मैं जल्दी से उसके पास वापस जाता हूं, आप देखते हैं, एक रात के समय में; क्योंकि मैं बात करने लगता हूं, तो मैं बहुत देर तक बात करता हूं। मैं *इस* पर डेढ़ घंटे बात करूंगा। मैं बस उनके पास जाकर और यही नहीं कह सकता, "आज रात *आप* कैसे हैं? *आप* कैसे हैं? *आप* कैसे हैं?" मैं ऐसा नहीं करता हूं। मैं बस रुककर और बात करने लगता हूं; और कोई

तो किसी विषय पर बात करने लगता है, और फिर मैं वहां एक घंटे तक होता हूं। देखा? और इसीलिए, वह बैठी रहती है और प्रतीक्षा करती है और इत्यादि। और इसलिए ऐसा है। मैं बस नहीं चाहता था कि आप ऐसा सोचें क्योंकि मैं अपने मित्रों से मिलना नही चाहता और उनसे हाथ मिलाना नहीं चाहता, और हमारी संगति को व्यक्त करना और आदि–आदि, लेकिन यह बस इस तरह की एक समस्या थी।

321 इसलिए, अब, हर एक जन बीमारों और पीड़ितों के लिए प्रार्थना में रहे।

322 और श्रीमती हार्वे उस सारी परेशानी में है, वह ठीक हो रही है। जी हां, श्रीमान। और मैं नहीं देखता... मैं... अब वहाँ हो सकता है, जहाँ तक मैं जानता हूँ, कोई तो, यहाँ एक डॉक्टर है। और यदि मैं इस मंच पर गलत हूं, तो परमेश्वर मुझे क्षमा करें। लेकिन मैं विश्वास करता हूं कि परमेश्वर उन डॉक्टरों को जिम्मेदार ठहराएगा जो उन्होंने महिला के साथ किया। मैं—मैं शल्य चिकित्सा में विश्वास करता हूं, मैं दवाओं में विश्वास करता हूं। निश्चय ही, मैं इसका विश्वास करता हूं। मैं सोचता हूं कि परमेश्वर ने उन्हें यहां हमारी सहायता के लिए भेजा है, बिल्कुल वैसे ही जैसे उसने मोटर कारों और इत्यादि के लिए मेकैनिको को भेजा है। लेकिन वह छोटी महिला, डॉक्टर ने उसे पीठ के बल लिटा दिया था, और कहा, "वह कैंसर से भरी हुई थी, वहां उसका कुछ भी नहीं किया जा सकता है।" बच्चों के समूह की छोटी मां।

323 मैं उसके पास जाकर, और उसे समझाने की कोशिश की कि कैसे प्रार्थना के जरिये से... और—और वह बस एक युवा महिला ही है, लगभग पच्चीस वर्ष की। और कैसे परमेश्वर ने उसके छोटे बच्चे को चंगा किया, इसे अब बच्चों के अस्पताल में "चमत्कारिक बालक" कहा जाता है, मस्तिष्क के बुखार से। और उस—उस छोटे बच्चे की क्या ही भयानक स्थिति थी, और प्रभु ने इसे तुरंत ही चंगा कर दिया। वे, डॉक्टर लोग, इसे नहीं समझ सके। मैं श्रीमती हार्वे के पास गया, और मैंने कहा, "अब, श्रीमती हार्वे, डॉक्टरों ने आपको छोड़ दिया है? "

324 "जी हां, श्रीमान। यह... "

325 और उसके पति ने कहा, "हां, वहां कुछ भी नहीं किया जा सकता है, वह पूरी तरह से कैंसर से भरी हुई है।"

326 मैंने कहा, "तो ठीक है, अब हम जो करना चाहते हैं, वह है परमेश्वर पर

विश्वास करे, कि परमेश्वर चंगा करेगा—करेगा वो… आपको चंगा करेगा।” और मैंने कहा, “यह किस तरह से होता है, हो सकता है कैंसर तुरंत ना छोड़े; लेकिन यदि हम प्रार्थना करते हैं, तो कैंसर का जीवन छोडकर चला जाता है। आप अभी भी कुछ समय के लिए बीमार हो सकती है, और—और” मैंने कहा “आपको तुरंत ही राहत मिल सकती है।” और मैंने कहा, “तब कुछ दिनों के बाद आप हो सकता है पहले से अधिक बीमार हो जाये।” लेकिन मैंने कहा, “आपको अपने विश्वास को कैंसर के विरुद्ध रखना होगा।” मैंने कहा, “यदि कैंसर जीवित रहता है, तो आप मर जाते है। यदि कैंसर मर जाता है, तो आप जीवित रहते हैं।” और मैंने कहा, “अब हम प्रार्थना करेंगे।”

327 और हमने प्रार्थना की, और हर एक प्रमाण के साथ जो मैंने देखा, परमेश्वर ने महिला के शरीर को छुआ। और वह तुरंत ही ठीक हो गई, वह मेरी मां से मिलने के लिए चली गई, वह आस–पड़ोस में जाती, (जब वह बस इस तरह के कष्ट की स्थिति में थी) उसे कोई दर्द नहीं था। और फिर लगभग तीन दिनों के बाद वह फिर से बीमार होने लगी।

328 और उसके बाद यह पता चला कि नगर के लोगों ने कहा कि वे “यदि डॉक्टर इसका ऑपरेशन करेंगे, तो डॉक्टर के बिल का भुगतान करेंगे।”

329 और अब यदि मैं गलत हूं, तो परमेश्वर मुझे क्षमा करें। लेकिन उन्होंने उस युवा मां को लिया, उसे एक “बली का बकरा” बनाया। वे उसे वहाँ से बाहर ले गए, और यहाँ तक कि उसके पेट से उसकी अंतरियों को भी ले लिया, और हर एक चीज को। दोनों को मूत्रालय से लिया और मल त्याग से, और उन्हें बाहर की ओर निकाल दिया। और ऑपरेशन की टेबल पर नौ घंटे से भी ज्यादा समय तक थी। नर्स ने कहा, “यह एक कसाईखाने की तरह लग रहा था, जहाँ उन्होंने उसके अंतःकरण को एक स्थान से दूसरे स्थान पर डाल दिया, और प्लास्टिक के अण्डाशय और प्लास्टिक की नलियों को लगा दिया।” यह बात साफ है, लेकिन यह सत्य है। और प्लास्टिक की आंतें और इस तरह की चीजें, और उस महिला को उस संकट में डालकर छोड़ दिया, एक छोटी मां। मैं कहता हूं, मेरी इसके प्रति जो सोच है, कि वे डॉक्टर लोग हत्या के दोषी हैं।

330 उसने उन्हें बताया, उसने कहा, “भाई ब्रंहम ने मेरे लिए प्रार्थना की।” और कहा, “हम विश्वास करने जा रहे हैं कि हमारा कैंसर… कि कैंसर खत्म

हो चुका है।"

331 कहा, "मेरे पास तुम्हारे लिए कुछ खबर है, 'तुम्हारा कैंसर जीवित है।'"

332 वह यह कैसे बता सकता है? यह तो अंदर था, कोई एक्स–रे इसे नहीं बता सकता। कैंसर एक... आप एक्स–रे के द्वारा कैंसर को नहीं बता सकते हैं, यह अपने आप में गूदा होता है, आप इसे नहीं देख सकते हैं। वहां केवल एक ही काम करना है, स्त्री को काट दे और उसके टुकड़े–टुकड़े कर दे। बस ऐसा ही है। अब यदि यह एक छोटी मां रही थी, मैं बस उसके विश्वास को परमेश्वर के प्रति परखने देता हूं बजाये इसके कि किसी एक को इस तरह से "बली का बकरा" बनाया जाए। अब यदि मैं—यदि मैं गलत हूं, यदि मेरा—यदि मेरे पास उद्देश्य गलत है, मैं चाहता हूं कि परमेश्वर मुझे क्षमा करे, आप देखे। क्योंकि मैं नहीं चाहता कि आप यह सोचे कि मैं ऑपरेशन में विश्वास नहीं करता या डॉक्टरों और चीजों में विश्वास नहीं करता। यह ठीक बात है। लेकिन मैं सोचता हूं कि आपको जानना चाहिए कि आप क्या कर रहे हैं इससे पहले कि आप किसी व्यक्ति के अंदर खोज करे, उनका उपयोग केवल ऐसे ही प्रयोग के लिए न करें। यह सही है। और अब, निश्चय ही, वह नहीं जी सकती। बस ऐसा ही है। यदि वह जीवित रहती है, तो यह निश्चय ही अब तक के सबसे महान आश्चर्यकर्मों में से एक होगा। जब स्त्री ने नीचे की ओर देखा और देखा कि उसकी आंतें एक ओर है, और उसके गुर्दे दूसरी ओर कार्य कर रहे है, वह बस *इस* तरह से गुजर गई, चली गई... क्यों, यह एक चीज नहीं थी... वह बेचारी छोटी महिला चली गई थी। और बस लगभग एक बाईस या पच्चीस वर्ष की माँ जिसके पास पालने–पोसने के लिए तीन या चार छोटे बच्चों थे। ये सबसे दयनीय बात थी जो मैंने अपने जीवन में कभी सुनी है। मैंने कहा, "मेरे सोचने के तरीके से, डॉक्टर इसके लिए दोषी है... " यदि वह उस महिला को केवल एक प्रयोग के लिए लेता है क्योंकि शहर के लोग इसके लिए भुगतान करने जा रहे थे, तो यह गलत है, इसकी अनुमति नहीं दी जानी चाहिए।

333 [एक भाई पूछता है कि क्या परमेश्वर स्त्री को वापस लौटा सकता है—सम्पा।] भाई, मैं आपको बताता हूं, यह असंभव बात नहीं है। और ऐसा—ऐसा नहीं है... यह—यह संभव है, और संभवतः भी है। क्योंकि

मैं कैलिफोर्निया में एक व्यक्ति को जानता हूं जिसका एक हाथ कट गया था, (आप सभी स्वयं इसे अखबार में देख रहे हैं), जिसके लिए प्रार्थना की गई थी, और *यह* हाथ *यहाँ* ऊपर की ओर था, यहाँ तक बढ़ गया है, इतना तक कि अब इस पर उंगलियां बाहर आ रही थी; कोहनी से होते हुए, कलाई में से होते हुए, हाथों से होते हुए, और हथेली से जुड़ने वाला कुछ भाग उंगलियों पर पीछे था, आप देखते हैं। यह, मैं सोचता करता हूं, हर महीने *विश्वास के संदेशवाहक* में छापा है। यहां तक कि जब उसने अपने हाथों को *इस* तरह से बाहर निकला हुआ पाया, तो इसने दिखाया कि उसका हाथ कहां से गया था, जहां से बड़ चूका है। हर महीने यह कैसे आता है, लगभग एक वर्ष से।

334 [भाई फिर से बात करता है—सम्पा।] निश्चय ही, यह सही है। मैं विश्वास करता हूं... ऐसा—ऐसा—ऐसा बहुत ही कम होता है, देखो, यह एक बहुत ही दुर्लभ चीज है। कभी तो एक बार मैं इसके बारे में सुनता हूं। अब, भाई बोसवर्थ के साथ, उसने एक रात एक महिला के लिए प्रार्थना की। और मेरी एक सभा में थी। लेकिन भाई बोसवर्थ ने तुरंत ही किया था; इसे करने में मुझे काफी समय लगा।

335 उन्होंने एक महिला के लिए प्रार्थना की... अब, मैंने उस महिला की गवाही को पढ़ा। उसे कैंसर था, बिना नाक के थी; उसकी नाक को खा लिया था। और अगली सुबह महिला की नाक थी। अब, मैं यह जानता हूं... अब, यह भाई बोसवर्थ की बात है, उनकी पुस्तक में है जिसका नाम *मसीह चंगा करने वाला* है, मैं सोचता हूं, या तो, *आनंद लाने वाला*, इस किताब में है। अब, यह स्त्री की गवाही में है, जो उसके नाम और पते के साथ है। और उसके पास पड़ोसी और डॉक्टर और हर एक चीज है जो इसे साबित करते है, कि ऐसा हुआ है।

336 अब, लिटिल रॉक, अरकंसास में, एक रात एक कमरे में, मैंने वहां प्रार्थना की... लिटिल रॉक में नहीं, लेकिन जोन्सबोरो में। जो मैंने प्रार्थना की... मैंने कहा, "मैं तब तक बना रहूंगा जब तक मैं अंतिम व्यक्ति के लिए प्रार्थना नहीं कर लेता।" मैं आठ दिन और रात मंच पर था, देखो। और फिर... और साथ ही कमरे के पास वहां एक महिला आ रही थी, उसके रूमाल को *इस* तरह से ऊपर रखा हुआ था, और मैंने सोचा कि वह रो रही थी। और मैंने कहा... ओह, मुझे समझता हूं कि यह सुबह के दो या तीन बजे

थे, मैंने कहा, "मत रो, बहन, परमेश्वर चंगा करने वाला है।"

337 उसने कहा, "मैं रो नहीं रही हूं, भाई ब्रंहम।" उसने उस रुमाल को हटाया; उसकी कोई नाक नहीं थी, देखो। डॉक्टरों ने कहा था... कैंसर ने उसमें से उसकी सफेद हड्डी को खा लिया... वे दिखा रहे थे। और मैंने उसके लिए प्रार्थना की, और प्रभु से उसे चंगा करने के लिए मांगा।

338 और उसके बाद लगभग चार या पांच सप्ताह बाद, मैं टेक्सारकाना में था। और वहां एक अच्छे कपड़े पहने हुए सज्जन व्यक्ति बैठा हुआ था, उन्होंने कहा, "क्या मैं बस कुछ शब्द बोल सकता हूं, भाई ब्रंहम? "

339 जैसे ही वह मंच पर पहुंचा, उनमें से एक संचालक ने उसे शांत कराने की कोशिश की। मैंने कहा, "कोई बात नहीं, देखते हैं।"

340 उसने कहा, "आप इस युवा महिला को पहचानते हैं? "

341 मैंने कहा, "नहीं, मैं नहीं जानता।"

342 उसने कहा, "यदि आप इस तस्वीर को देखेंगे तो आप इसे पहचान लेंगे।" और वह टेक्सारकाना में—में एक संहारक नाशक था, और वह उसकी मां थी जिसकी एक नई नाक बढ़ चुकी थी, बिल्कुल जैसे दूसरे लोगों के आकार के जैसे ही थी।

343 अब यह दिखाता है कि परमेश्वर... मैंने ऐसा होते हुए देखा है। अब, परमेश्वर छोटी श्रीमती हार्वे के लिए ऐसा कर सकता है। और मैं प्रार्थना करता हूं कि वह करता है, क्योंकि बेचारी वो छोटी सी स्त्री जीना चाहती है।

344 भाई टोनी, क्या आपके पास कुछ था?

[भाई टोनी चंगाई की रिपोर्ट बताते है—सम्पा।] यह सही है।

आमीन। आमीन। जी हां, यह भी अच्छा है। हां, वो निश्चय ही इसे करेगा, वह एक चंगा करने वाला है।

[एक भाई भाई, ब्रंहम से बात करता है—सम्पा।] जी हां। जी हां। जी हां, भाई। आमीन। निश्चय ही। जी हां।

345 मैं निश्चय ही... तो ठीक है, मैं आशा करता हूं कि परमेश्वर इसे आपके लिए वापस लौटा देता है, पुत्र, आप ठीक इसे वापस ले सकते हैं और उसे दिखा सकते हैं। यह बिल्कुल ठीक है। यह परमेश्वर की महिमा की गवाही के लिए है, प्रार्थना करें कि परमेश्वर इसे करेगा। ओह, वह—वह... यदि वह सर्वशक्तिमान परमेश्वर है, तो वह सारी चीजों को कर सकता

है। यदि वह इसे नहीं कर सकता, सारी चीजों को, तो वह सर्वशक्तिमान परमेश्वर नहीं है।

346 वहां कुछ तो है जिसने हमें बनाया है कि हम क्या हैं, जिस तरह से हम हैं, या तो हमारे पास एक—एक पक्षी की तरह एक सिर होता, या इसी तरह से कुछ तो होता, यदि हमारे पीछे कोई सर्वोतम मन नहीं होता था कि हम में से हर एक को एक विशिष्ट गुण के साथ बनाये, ताकि एक बलूत का पेड़ बनाये, एक चिनार का पेड़, एक खजूर का पेड़, और—और उनके बीच अंतर रखता है कि वे क्या—क्या हैं। हम में से किसी को ना... कुछ पंख के साथ, और किसी को परों के साथ, और किसी को चमड़ी के साथ, कि आप... देखो, यह—यह इसके पीछे एक सर्वोतम मन है, यही—यही है इसे नियंत्रित करता है। निश्चय ही वह सारी चीजों को अपने हाथों में थामे हुए है। और मैं जानता हूं कि वह सारी चीजें कर सकता है। और हम इसके लिए प्रार्थना करेंगे, हम प्रार्थना करेंगे।

347 [एक भाई, भाई ब्रंहम से बात करता है—सम्पा।] सही बात है। हमारे पास...

348 [बहन स्नाइडर कहती है, "भाई बिली, मुझे क्षमा करें।"—सम्पा।] जी हां, महोदया, कोई बात नहीं, बोलिए। [बहन स्नाइडर बताती है कि वह चंगी हो गई थी जब पिछले रविवार को भाई ब्रंहम ने उसके लिए प्रार्थना की थी।] आमीन। आप जानते हैं, मैंने सोचने की कोशिश की है, बहन स्नाइडर, एक बार जब मैं यहां उस अभिषेक में खड़ा हुआ था, मैंने सोचा... मैंने भाई कॉक्स को बताया, मैंने कहा, "मैं यहाँ तक आराधनालय में उन विचारों को परखने की सभाओं में अब और अधिक जाने की कोशिश नहीं करूंगा।" ओह, आप नहीं जानते कि कैसे शैतान मुझे एड़ी के पास काटता है, बहन। वो किस—किस तरह से करता है! आप जानते हैं, मुझे इन मनो को परखने के विषय में बताते हुए।

349 और यहाँ, यह मालूम पड़ा कि श्रीमती वुड की बहन यहाँ... मैंने उनके लोगों में से किसी को भी कभी नहीं देखा था। उनमें से एक झुंड उस समय के दौरान चंगा हो गया था, और हर कोई... क्यों, आप जानते हैं, यह उन लोगों की एक बड़े प्रतिशत की संख्या है जो चंगे हुए थे। और उसके बाद... अब अजीब बात है: उसकी बहन, मैंने उसके साथ एक रात का खाना खाया था, उससे लगभग दो सप्ताह पहले,... ओह, यह वहां दूर केंटकी के पहाड़ों

में है, और मैं—मैं बस इतना ही जानता हूं कि उसकी आवाज श्रीमती वुड जैसी थी, और कमरे में बहुत ज्यादा रोशनी नहीं थी। और किसी भी तरह से मैंने कभी भी उसकी ओर ध्यान नहीं दिया, मैंने उसके पति के साथ अधिक बात की, बहन ने खाना तैयार किया। और हम बाहर जाकर और बैठ गए और खाया; और वापस अंदर आये, मैंने उसके पति से बात की, उठकर और बाहर चला गया। और परमेश्वर जो मेरा पवित्र न्यायी है वो जानता है (इस पुलपीट के पास खड़ा हुआ है) मैंने कभी भी उस महिला को नहीं पहचाना।

350 और फिर चंगाई की सभा समाप्त होने के बाद, मैंने पापियों को पश्चाताप करने के लिए वेदी पर बुलाया। और वह इसके विरोध में बहुत ही हठी रही थी; और उसने पश्चाताप किया और अपना जीवन मसीह को दे दिया, अपने हाथ को उठाया कि वह अपना जीवन मसीह को समर्पित कर दे, और रो रही थी। सारे अभिषेक के चले जाने के बाद, मैं वेदी की पूकार को कर रहा था, और आदि–आदि। और फिर मैं मुड़ा, और यहाँ एक दर्शन आया, और मैंने उसके भाई को देखा; जो एक बहन थी, यह उसकी बहन थी, और वे एक साथ थे।

351 और मैंने सोचा कि यह चार्ली की पत्नी थी, क्योंकि मैं जानता था कि उस दिन मेज पर बैठी हुई थी, वहां चार्ली के घर पर—पर... उसकी छोटी पत्नी, वो छोटी सी स्त्री, प्रभु ने मुझे एक परेशानी दिखाई जो उसकी थी। और उसी घड़ी से, प्रभु ने उसके शरीर को छुआ, अब वहां उसकी मेज पर बैठी हुई है। टोनी, जहां हम थे, वहां पर गिलहरी के शिकार पर गए थे। और प्रभु ने उसके शरीर को छुआ और इस चीज को ले लिया जो उसने उसके सारे... जीवन भर पहना था, उससे दूर कर दिया; बस वहां पर बैठा हुआ। और वो छोटी महिला हमेशा ही मेज के दूसरे छोर पर खाना खाती थी, लेकिन आज, वह ठीक सीधे घूमकर आती है, और अपनी कुर्सी को अंदर घुमाती है, और ठीक मेरे बगल में खाना खाती है। वह कभी नहीं जानती थी कि वह क्या कर रही थी। उसका पति *इस* तरह से बैठा हुआ है, और भाई बैंक्स वहां बैठे हुए हैं, और हम बात कर रहे हैं। और वह उधर चली गई, और अपनी कुर्सी को ले लिया, और इसे यहां मेरे बगल में रख दिया। और यह एक उद्देश्य के लिए था, प्रभु ने ठीक वहां पर एक दर्शन को दिखाया। और मैंने उसके पति को बाहर बुलाया, क्योंकि यह एक महिला की परेशानी थी, मैंने उसे बताना आरंभ किया कि क्या घटित हुआ

था। उसने कहा, "भाई ब्रंहम, बिल्कुल इसी तरह से हुआ था, बिल्कुल इसी तरह से।" और वहां उसने महिला को बताया, और प्रभु ने उसे चंगा किया। ठीक है।

352 और फिर उस रात्रि सभा के समाप्त होने के बाद, और यह दूसरी बहन, मैंने इस युवा चार्ल्स और इस महिला को एक साथ देखा। मैंने सोचा, "वह अवश्य ही उसकी पत्नी होगी; लेकिन उसकी पत्नी एक सुनहरे बाल वाली है, और यह तो एक अश्वेत सर वाली महिला है।" और मैंने इस बात पर ध्यान दिया कि दर्शन यहाँ पर एक कोने में लेकर गया। और वह वहां बैठी हुई अपनी आंखों को पोंछ रही थी और प्रभु ने एक दर्शन को दिखाया उसके बाद वह... वेदी की पुकार... प्रार्थना सभा समाप्त होने के बाद, बीमारों की चंगाई, और वेदी की पुकार की गई थी, और परमेश्वर तब तक रुका रहा जब तक उसने पश्चाताप नहीं किया और उसने अपने को जीवन को दे दिया और फिर घूम कर और उसे चंगा कर दिया। और उसके पास... उसकी परेशानियों ने उसे वर्षों तक सूजन दिया था। और वह बहुत अधिक कमजोर हो गयी, और हर एक चीज, यहां तक कि उसके पैरों पर झुर्रीयां पड़ गई, जहां उसमें से सब कुछ निकल गया था (विष) उसके शरीर से निकल गया। उससे बेहतर महसूस कर रही थी, जो उसने कभी वर्षों में महसूस किया था, देखो। और कैसे प्रभु अपने अद्भुत अनुग्रह के द्वारा ऐसा करता है! मैं सोचता हूं कि कहानी के बारे में ऐसा ही है; क्या ऐसा नहीं है, बहन वुड? और वह कैसे करता है! उसके बाद... क्या कहा? [बहन वुड कहती है, "पिछले हफ्ते उसका लगभग सवा तीन किलो वजन कम हुआ।"—सम्पा।] एक सप्ताह में सवा तीन किलो। ओह, वह परमेश्वर है, क्या वह नहीं है?

353 अब, मैं आपको बताऊंगा, कारण मैंने भाई नेविल से कहा... मैंने सोचा हो सकता है उनके पास आज रात के लिए एक संदेश हो। उसने कहा, "नहीं," उसने नहीं कहा। और मेरे पास यहां कुछ प्रश्न है जो बाकी रह गए थे, मैंने नैतिक रूप से बाध्य महसूस किया कि यहां आकर और इन प्रश्नों के उत्तर को दूं। तब मेरे पास दो या तीन और होंगे, शायद मैं आज रात को नहीं ले पाऊंगा।

354 मैं आपको दिखाना चाहता हूं कि कुछ प्रश्नों को अभी एक प्रचारक के द्वारा दिया गया था। अभी भाई नेविल, या, बीलर उन्हें अभी मेरे पास लेकर

आये। [भाई ब्रंहम निम्नलिखित आठ प्रश्नों के उत्तर देते हैं भाग 3 में, जिसमें कि प्रश्न 67 से लेकर 74 तक है—सम्पा।]

प्रकाशितवाक्य 21:19 और 20 में वे पत्थर क्या दर्शाते हैं?

प्रकाशितवाक्य 5 के चार पशुओ की व्याख्या करें... उसका मतलब 6 से है; यह प्रकाशितवाक्य 5 नहीं है, यह 6 है, मैं सोचता हूं।

और वे चौबीस प्राचीन कौन है?

उत्पत्ति 38 के लाल रंग के सूत या धागे का क्या अर्थ था?

वे उपहार कहाँ भेजे जाने हैं जो प्रकाशितवाक्य 11 के दो गवाहों की मृत्यु के संबंध में है?

हजार वर्ष के राज्य के बाद वे संत कहां पर होंगे? और उनके पास किस प्रकार के शरीर होंगे?

हम दूतों का न्याय कैसे करेंगे?

पहले कुरिन्थियों के दूतों के कारण बाल के विषय क्या बात है?

355 कुछ अच्छे प्रश्न के बारे में बात करेंगे, यही कुछ अच्छे प्रश्न है। मैं शायद आज रात उन्हें नहीं ले पाऊंगा, लेकिन यदि प्रभु ने चाहा तो, अगली बार जब हम इसके लिए आएंगे तो मैं उन्हें लेने की कोशिश करूंगा।

356 मेरे पास आज रात यहाँ कुछ बहुत अच्छे प्रश्न है; इसलिए हम अभी प्रार्थना करेंगे और मांगेंगे कि प्रभु हमारी सहायता करे, और हम सीधे उनमें जायेंगे अगले, ओह, पैंतीस, चालीस मिनट के लिए।

357 अब, धन्य स्वर्गीय पिता, जो कुछ आपने हमारे लिए किया है, उसके लिए हम आपके आभारी हैं। और, ओह, यह बहुत ही अद्भुत है कि कैसे आपका अनुग्रह हम तक पहुंचता है। मैं अब उस रात के विषय सोच रहा हूं, और मेरा वो छोटा सा साथी, ओह, बहुत बीमार था, और आप दृश्य पर आ गये। उसी घड़ी से उसका बुखार उतरना आरंभ हो गया, और अब पूरी तरह से चला गया है। मैं आपको धन्यवाद देता हूं। और... बस प्रार्थना करता कि आप हर एक के साथ होंगे जिन्होंने आज रात एक विनंती को मांगा है। और हम थोडा कुछ ही जानते हैं, जब तक यह हमारे अपने घर में नहीं आता है, इसका क्या अर्थ होता है, एक छोटी सी प्रार्थना। हे परमेश्वर, क्या... आप कितने—कितने वास्तविक हो जाते हैं। उस घडी में जब एक डॉक्टर चला जाता है, और कहता है, “मैं नहीं जानता, मैंने कभी भी किसी

को भी इस तरह से व्यवहार करते नहीं देखा," और फिर प्रभु यीशु दृश्य पर आगे बढ़ता है।

358 हे परमेश्वर, आप हमारे लिए बहुत ही वास्तविक हैं, और हम इसके लिए बहुत ही खुश हैं। हम प्रार्थना करते हैं कि आप हमें हमारे सारे आलस्य से भरे तौर–तरीको के लिए, और हमारे मूर्खता भरे तौर–तरीको के लिए क्षमा करें। और, ओह, बस हमें स्मरण करे, प्रभु, कि हम एक अंधेरी दुनिया में मनुष्य देह हैं, जो एक अंधकार और पाप और गड़बड़ी का संसार है। और हम एक पर्दे में से होकर देख रहे हैं, जैसा कि यह हमारे चेहरे के ऊपर था, और हम केवल वही देखते और जानते हैं जैसा कि हम यहां मनुष्य के रूप में करते हैं। लेकिन किसी दिन जब वह पर्दा उठ जाता है, हम आपको आमने–सामने देखेंगे और जानेंगे जैसा कि हम जानते हैं। यही वो दिन है जिसके लिए हम इच्छा को रखते हैं।

359 हम प्रार्थना करते हैं पिता, कि आप हमारी सहायता करेंगे जब हम लोगों को परमेश्वर के वचन को बताने का यत्न करते हैं, उनके अनुरोध के अनुसार। हम में से सारी बीमारी को ले लीजिये। हमें आपकी आवश्यकता है, प्रभु। और हम प्रार्थना करते हैं कि आप इसे प्रदान करेंगे। आपकी दया हम पर की जाए, क्योंकि हमने इसे यीशु के नाम में मांगा है। आमीन।

360 अब, प्रश्नों के उत्तर देने में, मैं देश में सबसे बेहत्तर नहीं हूं, आप जानते हैं। लेकिन मैं बस अपनी सबसे अच्छे जानकारी से उत्तर को दूंगा।

361 यहाँ वो एक था जिसके साथ मैंने उस रात के साथ आरंभ किया था, और मुझे रुकना पड़ा था:

60. "एक आत्मा के द्वारा हम सब ने मसीह की देह में बपतिस्मा लिया है।" (आप सभी को याद होगा कि यही वो सवाल था जिस पर मैं था। अब यह निश्चय ही पहला कुरिन्थियों 12 में पाया जाता है)... **जिस समय पर हम... नया जन्म पाते हैं, यह बात जगह लेती है। यह ऐसा है... क्या यह पवित्र आत्मा का बपतिस्मा है, या कुछ समय बाद में बपतिस्मा है, या यह भरा जाना है?**

362 अब, वहां एक पूर्ण रूप से एक ऐसा प्रश्न है, और हम अपना बाकी का समय ठीक उसी पर व्यतीत कर सकते हैं, और आज रात और कल रात और आगे। यह ढांकता है... यह—यह लेगा और सारी बाईबल को

एक साथ जोड़ देगा। हर एक वचन को बाईबल के हर दूसरे वचन के साथ अवश्य ही सही तरह से एक साथ जुड़ना है।

363 लेकिन बस इसे संक्षेप में बनाने की कोशिश कर रहा हूं, साफ–साफ जितना मैं जानता हूं कि इसे कैसे बनाया जाए, नहीं; जब आप प्रभु यीशु मसीह पर विश्वास करते हैं, तब आपके पास नया जन्म होता है। जब आप प्रभु पर विश्वास करते हैं, तो आपको एक नया विचार मिलता है, एक नया जीवन, लेकिन यह पवित्र आत्मा का बपतिस्मा नहीं है। देखा? आपको नया जन्म मिलता है जब आप विश्वास करते हैं, आपके पास अनंत जीवन होता है। यह परमेश्वर का एक दान है जो आपको सर्वोच्च अनुग्रह के द्वारा दिया गया है, उस दान को स्वीकार करने के द्वारा जो परमेश्वर आपको दे रहा है। "वो—वो जो मेरे वचनों को सुनता है और उस पर विश्वास करता है जिसने मुझे भेजा है, उसके पास अनंत जीवन है।" उसके पास अनंत जीवन है; यही नया जन्म है, आप परिवर्तित हुए हैं, इसका अर्थ है कि आप "पीछे मुड गए हैं।"

364 लेकिन पवित्र आत्मा का बपतिस्मा आपको मसीह की देह में डाल देता है, सेवा के लिए दानो के अधीन करता है। यह आपको और अधिक मसीही नहीं बनाता है, यह केवल आपको दानों के देह में डाल देता है। देखा? "अब, एक आत्मा के द्वारा" (पहला कुरिन्थियों 12) "हम सब ने एक देह में बपतिस्मा लिया है। अब," पौलुस कहता है, "वहां विभिन्न दान है, और इस देह में नौ आत्मिक दान है।" और इस देह में... आपको देह में बपतिस्मा लेना होगा कि इन दानो में से किसी एक के अधिकारी हो। वे देह के साथ आते हैं।

365 लेकिन, अब, जहां तक अनंत जीवन का होना है और एक मसीही होने के नाते, आप एक मसीही हैं जिस क्षण आप विश्वास करते हैं। अब, यह कोई बनावटी विश्वास नहीं है, यह वास्तव में प्रभु यीशु पर विश्वास करना है और उसे अपने व्यक्तिगत उद्धारकर्ता के रूप में स्वीकार करना है; आपने ठीक वहीं पर फिर से जन्म लेते है, और आपके पास अनंत जीवन होता है। परमेश्वर आपके अंदर आता है।

366 अब ध्यान दे, अनंत जीवन; यीशु ने कहा, "वह जो मेरे वचनों को सुनता है और उस पर विश्वास करता है जिसने मुझे भेजा है, उसके पास अनन्त जीवन है, और वह न्याय में नहीं आएगा, लेकिन मृत्यु से जीवन में

प्रवेश कर चुका है।" आप ठीक तब एक नई सृष्टि होते है। तब पौलुस ने उन लोगों में से कुछ लोगों से भेंट की थी, जो प्रेरितों के काम 19 में है। उनके पास वहां पर एक प्रचारक था जो अपुल्लोस के नाम से एक परिवर्तित वकील था। और अपुल्लोस वचनों में का एक सामर्थी मनुष्य था, और वह वचनों के द्वारा साबित कर रहा था कि यीशु ही मसीह था। देखा?

367 अब ध्यान दे। अपुल्लोस, वचन में से होते हुए, वचन के द्वारा सिद्ध कर रहा था। "विश्वास सुनने से आता है, वचन के सुनने से। वह जो मेरा वचन सुनता है, और उस पर विश्वास करता है जिसने मुझे भेजा है, उसके पास अनंत जीवन है।" आप इसे समझ गए? अपुल्लोस, वचन के द्वारा, सिद्ध कर रहा था। और ये मसीही लोग थे, वे अनुकरण करने वाले चेले थे। और अपुल्लोस वचन के द्वारा सिद्ध कर रहा था, कि यीशु ही मसीह था। और उन्होंने बहुत आनंद किया और वचन को ग्रहण किया, वे अब तक केवल यूहन्ना के बपतिस्मा को ही जानते थे।

368 और जब पौलुस इफिसुस के ऊपरी किनारे से होकर जा रहा था, तो उसने इन चेलो को पाया और उसने कहा, "क्या तुमने पवित्र आत्मा को पाया *जब से* तुमने विश्वास किया? " देखा?

369 अब, जब आप विश्वास करते हैं, यीशु ने कहा, "तुम्हारे पास अनंत जीवन होता है।" यही तो नया जन्म है। यही आपका परिवर्तन है, बदलना है। लेकिन पवित्र आत्मा का बपतिस्मा परमेश्वर की सामर्थ है जिसमें आपने बपतिस्मा लिया है और इन नौ आत्मिक दानो के अधीन है कि आप में से होकर काम करे; जैसे कि प्रचार करना, सुसमाचारक, प्रेरित, पास्टर, भविष्यद्वक्ता... और देह के सारे दान इसमें आते हैं, जब आप इस देह में बपतिस्मा लेते हैं। और यह... अब यह आपको मसीही नहीं बनाता है, यह बस आपको स्थान पर स्थापित करता है जीवित परमेश्वर की कलीसिया में सेवकाई की आत्मा होने के स्थान पर रखता है। अब आप समझे? देखा?

370 अब प्रश्न है... आइये इसका उत्तर एक-एक करके देंगे, वहां पर तीन प्रश्न है।

"एक आत्मा के द्वारा हम सब मसीह की देह में बपतिस्मा लेते है।"

यह सही है, पहला कुरिन्थियों 12 इसका उत्तर देता है। ठीक है।

उस समय पर हम नये जन्म को पाते हैं, यह जगह को लेता है? यह कब है?

371 यही है जो वे जानना चाहते हैं, जी हाँ... "एक आत्मा के द्वारा... " नहीं। नहीं। "एक आत्मा के द्वारा हम सभी ने एक देह में बपतिस्मा लिया है।" देखो, यह ऐसा नहीं है जब नया जन्म आरंभ होता है, नया जन्म आरंभ होता है जब आप प्रभु यीशु पर *विश्वास* करते हैं।

372 अब देखो, वहां कोई... वहां एक भी चीज नहीं है... अब सुनना। विश्वास करने के अलावा आप क्या कर सकते हैं? आप और अधिक क्या कर सकते हैं? आप इसके बारे में और अधिक क्या कर सकते हैं, बस इसे विश्वास करने के अलावा? मुझे एक बात बताओ जो आप कर सकते हैं। वहां एक भी चीज नहीं है जो आप इसे विश्वास करने के बाहर कर सकते हैं। अब, यदि कुछ भी आपके विश्वास से बाहर आता है, तो यह आपकी अपनी प्रति क्रिया नहीं है, यह परमेश्वर का प्रति क्रिया है। इसलिए...

373 अब यदि हम कहे कि जब आप... बहुत सी बार मैंने देखा है, बहुत सी बार, लोग "अन्य भाषा में बोलने के आरंभिक प्रमाण" को पवित्र आत्मा के रूप में मान रहे हैं। और कभी–कभी लोगों को हिलाते हैं, या उन्हें पीटते हैं और उन्हें थपथपाते हुए कहते हैं, "ऐसा कहो। ऐसा कहो। ऐसा कहो। ऐसा कहो।" आप जानते हैं, एक शब्द को बार–बार दोहराना, "ऐसा कहो। ऐसा कहो। ऐसा कहो।" देखो, यह कुछ तो है जो आप स्वयं कर रहे हैं। और—और—और यह नहीं... यह नहीं... यह—यह कुछ भी नहीं है। आपको अन्य जुबान की उलझन हो सकती है। आपको हो सकता है बहुत सी चीजें मिले, और सनसनी होना। लेकिन यदि कुछ भी आपके अपने व्यक्तिगत विश्वास से बाहर आता है, तो इसे परमेश्वर का एक दिव्य दान होना है जो आपको दिया गया है। देखा?

374 "और एक आत्मा के द्वारा हम सब ने एक देह में बपतिस्मा लिया है।" यह सही बात है, देखो। पवित्र आत्मा का बपतिस्मा नए जन्म से भिन्न प्रति क्रिया है। एक जन्म होता है, एक बपतिस्मा होता है। एक आपके लिए अनंत जीवन को लाता है, दूसरा वाला आपको सामर्थ देता है। यह अनंत जीवन में सामर्थ को देता है, देखो, कार्य को करने के लिए। अब आपने इसे समझा? तो ठीक है। अच्छी बात है।

375 अब यहाँ पर एक और है, दूसरा आता है, सबसे अच्छा जो मेरे पास उस रात को था:

61. यीशु का आत्मा तीन दिन तक कहाँ था उसकी क्या कब्र में थी? उसका

आत्मा कहाँ पर था?

376 अब, उसकी आत्मा, यदि आप वचनों में से होकर जायेंगे,... तो ठीक है, हम बस बहुत से स्थानों को दिखा सकते हैं। लेकिन, मैं सोचता हूं, बाईबल किसके पास है? भाई स्ट्रीकर, आपके पास बाईबल है? तो ठीक है। भाई नेविल, आपके पास एक है? मेरे लिए भजन संहिता 16:10 निकाले। और किसके पास है? बहन वुड, आपके पास वहां एक बाईबल है? तो ठीक है, भाई स्ट्राइकर, (ठीक है, दोनों में से कोई एक), आप मेरे लिए प्रेरितों के काम 2:27 निकाले, प्रेरित 2:27।

377 और अब, पहले स्थान पर, जब यीशु मरा... जब आप मरते हैं, तो आपका शरीर मरता है। *मृत्यु* शब्द का अर्थ होता है "अलग होना," बस अपने प्रियजनों से अलग होना। लेकिन यहाँ उसने यह कहा, संत यूहन्ना के 11वें अध्याय में, "वो जो सुनता है... " नहीं... मैं आपसे क्षमा चाहता हूं; यह संत यूहन्ना 5:24 में है, "वह जो मेरे वचनों को सुनता है उसके पास अनंत जीवन है।"

378 यीशु ने मार्था से कहा, जो उससे भेंट करने आई... उसने कहा, "यदि तू यहां पर होता, तो मेरा भाई नहीं मरता। लेकिन अब भी, जो कुछ भी तू परमेश्वर से मांगेगा, परमेश्वर तुझे वो दे देगा।"

379 उसने कहा, "मैं पुनरुत्थान और जीवन हूं।" देखा? "वह जो मुझ पर विश्वास करता है, यदपि वह मर भी जाए, तौभी वह जीवित रहेगा; और जो कोई जीवित है और मुझ पर विश्वास करता है, वह कभी नहीं मरेगा।"

380 अब—अब, हम में एक भाग है जो मरता नहीं है। और जैसा कि मैं वचनों की पंक्ति में से होकर आया हूं, हर एक चीज जिसका आरंभ है, उसका अंत होता है। ये ऐसी चीजें हैं जिनका कोई आरंभ नहीं है, जिसका कोई अंत नहीं है। इसलिए जब हम मसीह को, परमेश्वर को स्वीकार करते हैं, तो हम परमेश्वर के पुत्र और पुत्रियां बन जाते हैं, और हमारा जीवन बस उतना ही अनंत है जितना कि परमेश्वर का जीवन अनंत है; हमारे पास अनंत है।

381 अब, वो शब्द *सदा के लिए,* हम इसमें से होकर गये हैं। *सदा* के लिए शब्द "समय की एक अवधि है," सदा के लिए *और* (ये जोड़ता है) सदा के लिए। और हमने यहां पाया कि इसका—इसका अंत है, बिल्कुल वैसे ही

जैसे सारे कष्टों का अंत है, और सारी बीमारियों, और सारे दु:ख, और सारे दंड का, और अधोलोक का अपने आप में एक अंत होता है।

382 लेकिन अनंत जीवन का कोई अंत नहीं होता है, क्योंकि इसकी कोई शुरुआत ही नहीं थी। यह कभी भी मर नहीं सकता क्योंकि यह कभी जन्मा नहीं था। इसके दिनों की कोई शुरुआत नहीं थी, इसके समय का कोई अंत नहीं है। अब, केवल एक ही जरिया है कि हम अनंतता में जी सकते हैं, वो है कुछ ग्रहण करने के जरिये से जो कि अनंत है। और परमेश्वर था; इससे पहले कि वहां कुछ भी होता, यह परमेश्वर था। परमेश्वर का कभी भी आरंभ या अंत नहीं था।

383 और परमेश्वर यह महान आत्मा था। हमने उसका चित्रण उस—उस मेघधनुष के सात रंगों के समान किया है जो ढांकता है... धनुष वास्तव में पृथ्वी को ढांपता यदि यह पृथ्वी पर नहीं टकराता। यह पृथ्वी की वक्रता के घेरे में बस एक पानी है, जो इसे बनाता है। लेकिन, अब, जब कि परमेश्वर अनंत है, और वह सिद्ध था: सिद्ध प्रेम, सिद्ध शांति, सिद्ध आनंद, सिद्ध संतुष्टि। वे सारी सात आत्माएं (जैसा कि हम प्रकाशितवाक्य में पाते हैं), वे बाहर आती हैं; जिसने परमेश्वर को बनाया था, जो सिद्धता थी। उसके बाहर की हर एक चीज कुछ तो ऐसा है जो उस से दूषित हो गया है।

384 अब केवल एक ही जरिया है कि हम सिद्धता की ओर वापस आ सकते है, कि उसके साथ वापस आये (सिद्धता के साथ, जो कि परमेश्वर है)। तब हम सिद्धता में आते हैं, तब हमारे पास अनंत जीवन होता है; बिना अंत के, या बिना—बिना किसी चीज के, यह बस हमेशा के लिए अनंत जीवन होता है।

385 अब वह प्राण के विषय बता रहा है... आत्मा के विषय बोलता है। क्योंकि हम अपने शरीरों को हम में से सबसे पवित्र लोगों की कब्र पर ले जाते हैं, इस शरीर के लिए। और शरीर... पहले स्थान में, जब परमेश्वर, वो लोगोस जो परमेश्वर में से बाहर आया...

386 या, जैसा कि मैं इसमें से होकर गया हूं, कैथोलिक इसे कहते हैं, "परमेश्वर का अनन्त पुत्रत्व।" जो, जैसा कि मैंने पहले कहा है, इस शब्द का यहाँ तक कोई मतलब भी नहीं निकलता है। देखो, एक अनन्त पुत्र नहीं हो सकता है, क्योंकि एक पुत्र का एक आरंभ होना था। और इसलिए यीशु का आरंभ था, परमेश्वर का कोई आरंभ नहीं था। देखा? लेकिन पुत्र...

अनंत पुत्रत्व नहीं था, लेकिन वो पुत्र जो आरंभ में पिता के साथ था वो लोगोस था जो परमेश्वर में से बाहर आया था।

387 और यह परमेश्वर का दैविक शरीर था जो बाहर निकला। मानव आकार में जिसके पास ऐसी आंखें नहीं थी जैसे आप देखते हैं; एक बेहतर आंख थी। इसके ऐसे कान नहीं थे जैसे आप सुनते हैं, लेकिन इससे कहीं अधिक सुनने की क्षमता थी। देखो, यह एक दैविक शरीर था, कि, यह सारा मेघधनुष अपने स्तर से नीचे उतरकर एक—एक दैविक शरीर में आ गया। मूसा ने इसे देखा जब यह इस तरह से चट्टान में से होकर निकला। उसने पीछे के भाग को देखा, कहा, "यह एक मनुष्य की तरह दिखाई देता है।"

388 अब्राहम ने उसे देखा जब उसने मनुष्य के देह के अंदर कदम रखा और एक बछड़े को खाया, कुछ दूध पिया, मक्खन खाया। अब्राहम ने उसे देखा जैसे उसने तब कदम रखा, और फिर तुरंत उसमें से गायब हो गया। हम देखते है कि हमारे शरीर धरती के सोलह तत्वों से बने हैं, वे बस एक साथ आते हैं। और परमेश्वर ने उन्हें एक साथ रखा, और इन देहों में दो दूतों को रखा; वे दूत जो खड़े होकर और बातें की। और दूत मनुष्य थे उस एक... और उस समय पर।

389 अब ध्यान दें, हम यह पाते हैं, मलिकिसिदक कौन था सिवाये स्वयं परमेश्वर के! यह कोई और नहीं हो सकता था, क्योंकि वह शालेम का राजा था जो कि यरूशलेम है। उसका कोई पिता या माता नहीं था; यीशु नहीं हो सकता था, क्योंकि उसके पिता और माता थे। उसके दिनों की कोई शुरुआत नहीं थी, ना ही जीवन का कोई अंत था; केवल एक ही है जिसके पास यह होता है, यही परमेश्वर है। यह परमेश्वर था जो यहां एक दैविक शरीर में वास कर रहा था। देखा? ध्यान दे, शालेम का राजा।

390 अब, परमेश्वर युग में से होते हुए, अपने लोगों में से होकर जीया है। यह परमेश्वर था जो दाऊद में था, जिसने उसे पहाड़ के ऊपर बैठाया, और एक अस्वीकृत राजा के रूप में, और रोया। वही आत्मा दाऊद के पुत्र यीशु में प्रगट हुआ था, जो यरूशलेम में ठुकराया गया था और रोया था।

391 यूसुफ, चांदी के तीस सिक्कों में बेचा गया, अपने ही भाई के द्वारा घृणा किया गया, अपने पिता के द्वारा प्रेम किया गया, वह फिरौन के दाहिने हाथ पर बैठा हुआ था, और कोई भी मनुष्य नहीं आ सकता था, जब तक कभी... उसे यूसुफ के द्वारा ही आना था, और तुरही फूंकी गयी और हर एक

घुटना यूसुफ के आगे झुक गया: जो मसीह का सिद्ध नमूना है। यह मसीह का आत्मा था जो उन मनुष्यों के द्वारा जीवित था। देखा?

392 अब, अब यहाँ जब यीशु मरा, यह परमेश्वर था जो देह में प्रगट हुआ। परमेश्वर मनुष्य बन गया। छुटकारे के नियम के अनुसार, केवल एक ही जरिया है कि एक मनुष्य इस्राएल की खोई हुई संपत्ति को छुड़ा सकता है, उसे निकट कुटम्बी होना था। उसे एक निकट कुटम्ब का संबंधी होना था। रूत की किताब इसे सुन्दरता से समझाती है; और उसे निकट कुटम्बी होना था। इसलिए परमेश्वर को मनुष्य का निकट कुटुम्बी बनना था, ताकि मनुष्य परमेश्वर का कुटुम्बी बन सके। देखा?

393 उसके पास एक उसमें एक आत्मा है, एक मनुष्य जब वह जन्म लेता है, क्योंकि यह एक प्रकृति की आत्मा है। यह एक संसार की आत्मा है, यह इस संसार के उस—उस ईश्वर की आत्मा है। वह मात्र आदम की वंशावली है।

394 एक पेड़ खुद को फिर से उत्पन्न करता है। वनस्पति स्वयं को फिर से उत्पन्न करती है। जानवर खुद को फिर से उत्पन्न करते हैं। मनुष्य स्वयं को फिर से उत्पन्न करता है। वे मूल सृष्टि के उप–उत्पाद हैं। इसे पकड़ा?

395 अब, अब जब एक मनुष्य जन्म लेता है, तो वह उसमें इस संसार की आत्मा के साथ जन्म लेता है। यही कारण है कि उसे फिर से जन्म लेना होता है। क्योंकि यह आत्मा माता और पिता के गर्भधारणा के द्वारा आई है, जो कि शारीरिक संबंध का गर्भधारण था, और ये पूरी तरह से हमेशा के लिए नहीं जी सकता। इसलिए उसे फिर से जन्म लेना ही होगा। और इससे पहले कि वह ऐसा कर सके, परमेश्वर को नीचे आकर और उसके लिए फिर से जन्म लेने के लिए एक मार्ग को बनाना था; क्योंकि उसके पास खुद को छुड़ाने का कोई तरीका नहीं था, वह बिना आशा के था। वो नहीं... बिना आशा के, बिना परमेश्वर के, बिना मसीह के, संसार में, नष्ट हो गया और चला गया। वो—वो... वहां ऐसा कुछ भी नहीं है कि वो अपने आप को बचाने के लिए कर सके। वह... हर... कोई मायने नहीं रखता यदि वह एक महायाजक था, यदि वह एक बिशप था, यदि वह एक पोप था, वह जो कुछ भी था, वह बस उतना ही दोषी है जितना कि अगला मनुष्य दोषी है।

396 इसलिए, इसे एक को लेना था जो दोषी नहीं था, इसे करने के लिए।

और केवल एक ही है जो दोषी नहीं था, वह स्वयं परमेश्वर था। और परमेश्वर को नीचे आना था और मनुष्य बनना था (और वो मसीह के रूप में आया) ताकि मृत्यु के डंक के लंगर को ले, ताकि मृत्यु के डंक को बाहर निकाले, जिससे कि हम छुड़ाये जाए, कि हम... ना ही हमारे कामों के द्वारा या हमारी भलाई के द्वारा (हमारे पास कुछ नहीं है), लेकिन उसके अनुग्रह के द्वारा, बचाए जाने के लिए। तब हम उसके जीवन को इस मरणहार देह में ग्रहण करते हैं, और अब हम परमेश्वर के बेटे और बेटियां हैं, और हमारे अंदर अनंत जीवन होता है। हम परमेश्वर के बेटे और बेटियां हैं। इसलिए यीशु, जीवित है...

397 और ना कोई मनुष्य, कोई फर्क नहीं पड़ता कि कितना दुष्ट या कितना अच्छा है, जब उसे... जब वह इस धरती को छोड़ता है, तो वह मरा नहीं होता है। वह कहीं तो और होता है। लेकिन उसके पास एक जीवन होता है जो नष्ट हो जाएगा, उसके कामों के लिए नरक में दंडित होने के बाद, वह... लेकिन फिर भी उस जीवन को समाप्त होना है। केवल एक ही प्रकार का अनंत जीवन होता है।

398 अब, हम इसमें से होकर गये हैं। यदि एक मनुष्य पापी हो सकता है और हमेशा के लिए दंडित किया जा सकता है... उसे हमेशा के लिए तब दंडित नहीं किया जा सकता है, जब तक कि उसके पास अनंत जीवन न हो। यदि उसके पास अनंत जीवन है, तो वह बच गया है। देखा? इसलिए केवल एक ही प्रकार का अनंत जीवन है, और वो है *जोई*, “परमेश्वर का जीवन।” और वह नष्ट नहीं हो सकता।

399 लेकिन दुष्ट लोग प्रतीक्षा करने के—के स्थान में होते हैं (पीड़ा में) उनके न्याय के लिए (ताकि शरीर में किए गए कामों के अनुसार न्याय किया जाए) अंतिम दिन में। अब, लेकिन हम... किसी मनुष्य के पाप उनके आगे जाते हैं, कुछ उनके पीछे जाते हैं।

400 अब यदि हम अपने पापों को स्वीकार करते हैं, तो वह हमें क्षमा करने के लिए है, इसलिए हमें कभी भी परमेश्वर के न्याय के लिए खड़े नहीं होना पड़ेगा। आप समझ गए? देखो, रोमियो 8:1, “इसलिए अब उन पर कोई दोष नहीं है जो मसीह यीशु में हैं।” जो मसीह **में** है। यही है जो मृत्यु से पार होकर जीवन में प्रवेश कर चुका है; देखो, हम पर कोई दोषी नहीं है और हम मसीह यीशु में थे। “जो शरीर के अनुसार नहीं चलते, लेकिन आत्मा

के अनुसार चलते है।" देखा? "वह जो मेरे वचनों को सुनता है, उस पर विश्वास करता है जिसने मुझे भेजा है, उसके पास अनंत जीवन है।"

401 और यदि मुझे मसीह में स्वीकार किया गया है, और मसीह ने मेरे न्याय को ले लिया, और मैंने उसके पापों के प्रायश्चित को स्वीकार किया, भला परमेश्वर मेरा न्याय कैसे कर सकता है? उसने मेरा न्याय कर लिया, जब उसने मसीह का न्याय किया। तब मैं न्याय से मुक्त हूं। "फिर जब मैं लहू को देखूंगा, तो मैं तुम्हें छोड़ कर निकल जाऊंगा।" देखा?

402 लेकिन, अब, दुष्ट ऐसा नहीं है। वह पीड़ा के स्थान में चला जाता है। और हम जानते हैं कि यह सच है। दुष्ट जीवित है। वह एक पीड़ा के स्थान में होता है। वह एक ऐसे स्थान पर है जहां वह नहीं जानता... इसी तरह से ये आत्मिकवादी और बिचवाई करने वाले, लोगों की इन आत्माओं को बुलाते हैं, जो चले गए हैं, किसी प्रकार का खिलवाड़ और गंदे चुटकुले और चीजें जो वे सुनाते हैं, यदि आपने कभी उन्हें देखा होगा। तो ठीक है। क्यों? वे नहीं...

403 इस कुमारी पाइपर को देखें, इससे पहले मेरे लेख *डोनी मोर्टन का अद्भुत कार्य* पर जाए। कितनों ने उस लेख को पढ़ा है? जी हां, आप में से बहुतों ने पढ़ा है, निश्चय ही। और यह *रीडर्स डाइजेस्ट* में है। क्या आपने ध्यान दिया? इसके ठीक पहले, कुमारी पाइपर आगे गयी, सबसे बड़ी आत्मिकवादी जिसे संसार ने कभी जाना है। उसकी कहानी के लिए बारह पन्ने दिए गए। और पचास वर्षों से... उन्होंने उसकी बात को सारे संसार में बता दिया था, और वैज्ञानिक प्रमाण और सब कुछ, कि "वह पूरी तरह से मरे हुओं के साथ बात करती है, और लोग ऊपर आते हैं।" क्या? परमेश्वर के नाम का एक बार भी उल्लेख नहीं किया गया था, कोई पश्चाताप नहीं, कोई दिव्य चंगाई नहीं, इसके बारे में कुछ भी नहीं, देखो।

404 केवल एक चीज थी, जिसका उन लोगों ने उल्लेख किया था, "जॉन, क्या तुम मुझे नहीं जानते? मैं जॉर्ज हूं जो एक *फलां* स्थान पर था, और मैंने *ऐसा–और–ऐसा* किया और *ऐसा–और–ऐसा* किया। तुम्हें याद है कि हम उस स्थान पर गए थे और ऐसा किया था? " देखो, वे बस इतना ही जानते हैं। वे जा चुके हैं। बीते हुए से... उनके—उनके लिए न्याय के अलावा कुछ भी नहीं बचा है।

405 जिस तरफ पेड़ झुकता है, उसी तरह से वो गिरता है। और जिस

अवस्था में आप मरते हैं... यही वो कारण है कि मैं मरे हुओं के लिए प्रार्थना करने की बात पर असहमत होता हूं, देखो, प्रार्थनाओं की बिचवाई करना या—या संतों का प्रभु भोज और इत्यादि के प्रति असहमत हूं। यह परमेश्वर के वचन के अनुसार नहीं हो सकता। किसी के लिए भी जाने के बाद उसके लिए प्रार्थना करना अच्छा नहीं है। वे समाप्त हो गए हैं। वे... उन्होंने... उन्होंने दया और न्याय के बीच की रेखा को पार कर लिया है। वे या तो दया पर चले गए है, या दया से दूर चले गए है। यीशु ने ऐसा कहा, संत मत्ती के 16वें अध्याय में, उसने—उसने—उसने इसे सिखाया; मरकुस का 16वां अध्याय, मैं सोचता हूं कि यही है। धनी मनुष्य और लाजरस; कोई भी मनुष्य इस गहरे दरार को पार नहीं कर सकता, और कभी भी पार नहीं कर पायेगा! आप वहां है। देखा? इसलिए इससे बात ख़त्म हो जाती है।

406 अब, लेकिन जब मसीह मरा, हर एक चीज को गवाही देनी थी कि वह मसीह था। अब आइये हम आपके प्रश्न पर जायें। पहली बात, तारों ने चमकने से इंकार कर दिया, सूरज ढल गया, चन्द्रमा इसके उजियाले को नहीं देता है, धरती ने अपनी चट्टानों को उगल दिया, उसकी मृत्यु पर। और उसने जाकर और उन प्राणों को प्रचार किया जो कैद में थे, जिन्होंने नूह के दिनों में धीरज धरते हुए पश्चाताप नहीं किया। उसे, उन्हें पहचानना था। इसकी ओर देखो! और यदि संयोगवश आज रात्रि यहां कोई पापी है, तो इस पर एक मिनट के लिए सोचे। किसी दिन यह सुसमाचार जिसे आप ठीक अभी प्रचार होते हुए सुन रहे हैं, आपको इसकी गवाही देनी होगी। कहीं तो आप अपने घुटने को झुकाएंगे, भले ही आप कोई भी हो। यह हो सकता है आज से दस हजार वर्ष हो, यह हो सकता है जब तक ना हो... सुबह में हो। जब भी ऐसा होता है, आप कहीं तो झुकेंगे, और आप उसी सुसमाचार को सुनने जा रहे हैं जो ठीक आपको पहले प्रचार किया गया है।

407 क्योंकि उन प्राणों के कैद में होने के बाद, जिन्होंने हनोक के समय पश्चाताप नहीं किया और जब उन सभी ने प्रचार किया, और नूह... और परमेश्वर के धीरज के लिए, जैसा कि यह अभी है, आने वाले समय की प्रतीक्षा कर रहा है। और नूह और हनोक और उन सभी ने प्रचार किया, और वे लोग जो हँसे और उनका मज़ाक उड़ाया। और वे कैद खाने में थे, और यीशु ने जाकर और उन प्राणों को प्रचार किया जो कैद में थे। उसने गवाही दी! स्वर्ग ने गवाही दी कि वो था, धरती ने गवाही दी कि वो था,

नरक ने गवाही दी वो था!

408 बाईबल ने कहा कि यह... दाऊद, बहुत वर्ष पहले, भजन संहिता में... तो ठीक है, भाई, आप भजन संहिता को पढ़े, यदि आप वहां पर है। भजन संहिता 16:10। [भाई नेविल वचन को पढ़ते हैं—सम्पा।]

[*क्योंकि तू मेरे प्राण को अधोलोक में नहीं छोड़ेगा; और ना ही तू अपने पवित्र जन को सड़ने देगा।*]

409 उस बात को पढ़ें, भाई, जहां पतरस ने प्रचार किया, प्रेरितों के काम पर, 2रा अध्याय, 27वा पद। [भाई स्ट्रीकर वचन को पढ़ते हैं—सम्पा।]

[*क्योंकि तू मेरे प्राण को अधोलोक में न छोडेगा, और न अपने पवित्र जन को सड़ने देगा।*]

410 भाई, इसके पहले कि दो पदो को पढ़ें, ताकि आप इसका संदर्भ ले सके।

[*क्योंकि दाऊद उसके विषय में बोलता है, मैं ने प्रभु को सदा अपने साम्हने देखा है, क्योंकि वह मेरी दहिनी ओर है, ताकि मैं डिग न जाऊं:*]

[*इसी कारण मेरा मन आनन्द हुआ, और मेरी जीभ मगन हुई; वरन मेरा शरीर भी आशा में बसा रहेगा:*]

[*क्योंकि तू मेरे प्राण को अधोलोक में न छोडेगा, और न अपने पवित्र जन को सड़ने देगा।*]

411 अब अगला पद पढे।

[*तू ने मुझे जीवन का मार्ग बताया है; तू मुझे अपने दर्शन के द्वारा पूरे आनन्द से भर देगा।*]

412 जी हां, ध्यान देना। अब, मेरे यहोवा विटनेस मित्र, मैं आपसे इस बारे में पूछना चाहता हूं। देखा? यदि अधोलोक एक स्थान है, पाताल लोक, परलोक, जो कुछ भी आप इसे कहना चाहते हैं, यदि यह कब्र पर समाप्त हो जाता है, तो फिर उसने क्यों कहा, "मैं अपने प्राण को अधोलोक में नहीं छोड़ूंगा, ना ही मैं तेरे पवित्र जन को सड़ने दूंगा"? इसके बारे में किस तरह से है? देखा?

413 यहाँ उसकी देह कब्र में थी; और उसका प्राण अधोलोक में था, प्रचार कर रहा था, जीवित! इसके बारे में क्या? वह फिर से उसके दैविक शरीर

में था। उसका प्राण वहां उन लोगों के साथ था जो दैविक शरीर में भी थे। और उन्हें गवाही को दे रहा था, कि उन्होंने “धीरज धरते हुए पश्चाताप नहीं किया।”

414 वह... दूसरे शब्दों में, उसने द्वार पर खटखटाया। और जब द्वार सर्र से खुल गया, और वे सारे प्राण जिन्होंने पश्चाताप किया, उसने कहा, “मैं स्त्री का बीज हूं। मैं वो एक हूं जो यहां हनोक... ” वहां स्वर्ग में, एक और स्थान। उन तीन स्थानों को अब कभी भी ना भूलना: दुष्टों का स्थान, धर्मी जन का स्थान, और स्वयं नरक। देखा?

415 बिल्कुल जैसे स्वर्ग की त्रिएकता, जैसे: पिता, पुत्र और पवित्र आत्मा। जैसे पशु की त्रिएकता: झूठा भविष्यद्वक्ता, वह पशु, और—और उस पशु की छाप। और यह सब, याद रखें, यह सब त्रिएकता में है। त्रिएकता एक को सिद्धता बनाती है। एक सिद्धता है। आप सिद्ध है, तीन में से एक: प्राण, शरीर, और आत्मा; पानी, लहू और नसें। देखो, आप जो कुछ भी थे, आपको एक सिद्धता को बनाने के लिए तीन को लेना होगा। कांच का एक तीन कोनों वाला टुकड़ा लें और उस पर सूर्य के प्रकाशं को रखें, आपके पास एक सिद्ध मेघधनुष होता है। देखो, हर एक चीज, आपके पास तीन होना है ताकि एक सिद्ध को बनाये।

416 और अब, याद रखें, जब वह मरा, तो उसने पहले जाकर और उन प्राणों को प्रचार किया जो कैद में नहीं... जो कैद में थे, और गवाही दी कि वह “स्त्री का बीज” था। वही “वो एक था जिसे हनोक ने अपने हजारों संतों के साथ आते हुए देखा था।” उसे उन वचनों की गवाही देनी थी जो नूह के द्वारा प्रचार किए गए थे, और हनोक के द्वारा, और धर्मी के द्वारा, कि “वही वो एक था।” हर एक जन को इसे पहचानना था!

417 तब वह अधोलोक में चढ़ गया, और शैतान से मृत्यु और अधोलोक की चाबियों को लिया।

418 वापस स्वर्ग में आकर; और अब्राहम, इसहाक, और याकूब और धर्मियों को लाया; और जिलाए गये (मत्ती 27), और वे कब्र से बाहर आ गए और नगर में प्रवेश किया, और साथ ही सड़क पर लोगों को दिखाई दिया। हाल्लेलुय्या! आप वहां है!

419 अब, लेकिन उसकी देह... जबकि उसका प्राण यहां पर खोये हुओ की गवाही दे रहा था, यहाँ नीचे शैतान से चाबियों को लेते हुए, और वापस

आकर और अब्राहम और इसहाक को लाता है; उसका प्राण उसमें पड़ा हुआ था... उसका प्राण वहां इसे कर रहा था, और उसका शरीर कब्र में पड़ा हुआ था। यही कारण है कि यीशु ने कहा... लोग कहते हैं, "तो ठीक है, यीशु क्यों कहता है, 'तीन दिन, मैं इसे जिलाऊंगा, तीन दिन मैं जिला कर खड़ा करूंगा'? वह—वह शुक्रवार दोपहर बाद मर गया, रविवार की सुबह जी उठा।"

420 लेकिन देखो, ऐसा "तीन दिनों के *भीतर,*" था, यदि आप शब्दकोष को देखे। क्योंकि वो जानता था कि दाऊद, अभिषेक के नीचे (पवित्र आत्मा के अभिषेक के नीचे), कहा, "मैं अपने पवित्र जन को सड़ने नहीं दूंगा।" वह जानता था कि यह उसी से संबंधित है। वह जानता था कि उसका अर्थ उसी से है। वही वो परमेश्वर का एक पवित्र जन था, और वह जानता था कि बहत्तर घंटो में सड़ावट होने लगती है। कहीं तो उन तीन दिनों के भीतर, वह वहां से फिर से बाहर आ रहा था, क्योंकि वचनों को तोड़ा नहीं जा सकता है।

421 और वहां की हर एक प्रतिज्ञा मुझसे संबंध रखती है और आपसे संबंधित है, यह हमारी है!

422 उसने कहा, "तुम इस देह को नष्ट भी कर दो, और मैं इसे तीन दिनों में जिला उठाऊंगा।" क्योंकि उसने कहा, "मैं अपने प्राण को अधोलोक में नहीं छोड़ूंगा, ना ही मैं अपने पवित्र जन को सड़ने दूंगा।"

423 वह जानता था, तीन दिनों में वह देह वहां से बाहर आ रही थी। वह पूरे तीन दिन नहीं रुका रहा। नहीं, श्रीमान, निश्चय ही वो नहीं रुका। वह बस शुक्रवार दोपहर से लेकर रविवार की सुबह तक रुका रहा, उस शरीर की एक भी कोशिका सड नहीं सकी।

424 और वह मरा हुआ था, और लेप किया हुआ था, और पड़ा हुआ था... या कपड़े में लपेटा हुआ था, और उसे एक कब्र में रखा गया था। उस गर्म, दलदली देश में, बस कुछ घंटे ही लगते और उसे सडावट में जाने के लिए। आप जाते हैं मरण–... आप जानते हैं, उसकी देह, उसकी नाक अंदर की ओर दब रही है और आदि–आदि, सडावट आने लगती है; उस गर्म, नम हवा के देश में। और यह सड जाता है, क्योंकि यह एक देह थी। लेकिन वह जानता था, इससे पहले कि कोशिका सड़ जाए, जो परमेश्वर ने दाऊद भविष्यवक्ता के जरिये से कहा, "मैं अपने पवित्र जन को सड़ने

नहीं दूंगा।”

425 कसी तरह से उसने परमेश्वर के वचन को लिया और इसके द्वारा जीया! अब, उनमें से हर एक जन जिसने प्रतिज्ञा की है जो उससे संबंधित है, परमेश्वर ने उनमें से हर एक को पूरा किया। और हर एक प्रतिज्ञा जो विश्वासी से संबंधित है, परमेश्वर इसकी हर एक प्रतिज्ञा को पूरा करेगा। आमीन। बस निश्चिन्त रहे कि यह सत्य है। आमीन। इसलिए, उसका प्राण...

क्या आप सोचते हैं कि यह... नहीं, मुझे क्षमा करें। **यीशु का आत्मा उन तीन दिनों में कहाँ पर था, उसकी देह कब्र में थी?**

426 उसका आत्मा अधोलोक में था, वहां नीचे निचले क्षेत्रों में; और वह जी उठा। और मैं यहां एक छोटा—छोटा से मेरे कथन को जोड़ सकता हूं जो आपकी बहुत सहायता कर सकता है। जब वह जी उठा, उसका... जब वह मरे हुओं में से जी उठा, तो उसने अभी तक छुटकारे के कार्य के साथ पूरी तरह से समाप्त नहीं किया था। यह सही है। उसे सारी चीजों को साफ करना था। कीमत चुकाई जा चुकी थी, लेकिन अधोलोक की दहशत, कब्र की दहशत... और यहां, जब वह—जब वह मरा, वह सीधा आगे बढ़ा। उसने कभी भी काम करना बंद नहीं किया जब वो मरा, वह प्रचार को करता रहा!... ? ... मुझे लगता है कि मेरे अभद्र व्यवहार को क्षमा करें, लेकिन वो कभी भी नहीं रुका!

427 आपकी कभी भी मरेंगे नहीं! हो सकता है आपकी देह कुछ समय के लिए विश्राम कर रही हो, लेकिन परमेश्वर इसे उठा कर खड़ा करेगा, उसने प्रतिज्ञा की है कि वह करेगा। लेकिन आप अब और नाश नहीं हो सकते, भला परमेश्वर नाश हो सकता है। यह सही है। देखो, उसका... उसके मरने के बाद, जो... चेलों के लिए मरा हुआ था। वह सो रहा था, जो वह था। उन्होंने उसे सुला दिया; जैसे उसने लाजरस के विषय में कहा, “मैं उसे जगाऊंगा।” परमेश्वर को उसे जगाना था।

428 देखो, वह सीधे वहां पर चला गया, उसने प्रचार करना जारी रखा। और उसने यहाँ कैद में प्राणों को प्रचार किया। वो सीधे अधोलोक में चला गया, शैतान से चाबियों को ले लिया। सीधे वापस आकर और फिर से स्वर्ग में प्रचार किया, और तीसरे दिन फिर से जी उठा। अपने प्रेरितों के साथ चालीस दिनों तक भेंट की, और चालीसवें दिन के अंत में, वह सीधे ऊपर चला गया; क्योंकि, हर एक चीज जो हम पर है, अंधविश्वास और

हर चीज... उसने हर एक अंधविश्वास को, हर एक संदेह को काट दिया, और उसके ऊपर उठाये जाने में पृथ्वी से महिमा तक एक प्रार्थना की पंक्ति को बनाया। ऊपर जाकर और महामहिम के दाहिने हाथ पर बैठ गया। वो जय पाने वाला! वो महान जयवंत, पूरी तरह से। मृत्यु उसे रोक ना सकी! अधोलोक उसे रोक ना सका! धरती उसे पकड ना सकी!

429 जब वह यहां धरती पर था, उसे दिया गया... वह सबसे निचले नगर में चला गया और सबसे निचले लोगों के पास चला गया, और उसे सबसे तुच्छ नाम दिया गया था। यही है जो मनुष्य ने उसके साथ किया था। वह यरीहो को गया, जो सबसे नीचला नगर था। छोटे से छोटे मनुष्य को एक पेड़ पर चढ़कर उसकी ओर नीचे देखना पड़ता था। यही है जहां मनुष्य ने उसे रखा। वह एक पांव धोने वाला दास था, सबसे गन्दा काम जो दिया जा सकता था। वह सबसे नीचे हो गया। और उसे सबसे गिरा हुआ नाम दिया गया जो दिया जा सकता था, *बालजबूल*, “शैतानों का राजकुमार।” मनुष्य ने उसे सबसे गिरा हुआ नाम दिया, सबसे नीचला स्थान दिया, और उसे सबसे नीचले नरक के सबसे निचले क्षेत्रों में भेज दिया।

430 परमेश्वर ने उसे ऊपर उठाया और उसे सबसे ऊंचे स्वर्ग में भेजा, और हर नाम से ऊपर एक नाम। हाल्लेलुय्या! क्यों, उसे यहाँ तक स्वर्ग को देखने के लिए भी नीचे देखना पड़ता है। तेरा सिंहासन स्वर्ग के आकाश के ऊपर ऊंचा किया गया है। और सबसे महान नाम जिसे कभी स्वर्ग और धरती पर दिया गया है... उसके चारों ओर जकड़ा हुआ है। यही है जो परमेश्वर ने उसके साथ किया। मनुष्य ने उसे सबसे नीचे रखा, और परमेश्वर ने उसे सर्वोच्च बनाया। वहां वह था, सबसे नीचे से लेकर सर्वोच्च तक।

431 वह सबसे तुच्छ बन गया ताकि वह हमें सर्वोच्च पर ला सके। वह हम बन गया, जिससे कि हम उसके अनुग्रह के द्वारा परमेश्वर के पुत्र बन सके। यही है जहां वह गया था। आमीन! उसका नाम धन्य है। उसने एक मार्ग बनाया कि हम भी किसी दिन आ सके, “क्योंकि मैं जीवित हूं, तुम भी जीवित रहोगे।”

432 ओह, कोई आश्चर्य नहीं... जब मनुष्य उस दर्शन को पकड़ लेता है, वहां कभी भी कोई मनुष्य नहीं हुआ है जो इसे समझा सके। उन्होंने यहाँ तक इसे समझाने की कोशिश की, अपने दिमाग को खोकर; यह महान गीत: “ओह, परमेश्वर का प्रेम, कितना बहुतायत और शुद्ध है! कितना अथाह

और गहरा है!” वह अंतिम पद... या मैं सोचता हूं पहला पद, ऐसा है: “यदि हम स्याही से समुंद्र को भर देते है, और आकाश चमड़े का कागज बन जाता है;... ” आप जानते हैं कि यह कहां पाया गया था? पागलपन पर लिखा... एक पागल संस्था में दीवार पर। कोई भी मनुष्य कभी भी परमेश्वर के उस प्रेम की व्याख्या नहीं कर सकता है। ओह, यह कभी नहीं बताया जा सकता है, कि उसने हमारे लिए क्या किया। ओह, आप कैसे एक विशेषता को वहां रख सकते हैं? यह उसका अनुग्रह है, आरंभ से अंत तक। मैं खो गया था, अधुरा, और असहाय, मुझमें कुछ भी अच्छा नहीं था, इसके विषय में कुछ भी नहीं था, और उसने अपने अनुग्रह के द्वारा आकर और हमें बचाया। ओह, प्रभु। यही उसका... यही मेरा प्रभु है। यही उसका प्रेम है, यही उसकी भलाई है।

433 अब हमारे पास लगभग सात मिनट है और लगभग पंद्रह प्रश्न हैं और...

62. क्या आप सोचते हैं कि महिलाओं के लिए कलीसिया के बाहर व्यक्तिगत कार्य करना सही है?

434 जी हां। यह बस एक प्रश्न है, बस एक... ना ही एक वचन संबंधी प्रश्न है, लेकिन... निश्चय ही, मैं जवाब दूंगा। जी हां, श्रीमान, हम सब एक साथ कामगार है। स्त्रियों के पास उनका स्थान होता है, और निश्चय ही वे करती हैं। जी हां, श्रीमान। बस वो सारे व्यक्तिगत कार्य करें जो आप कर सकते हैं, और परमेश्वर आपको इसके लिए आशीष देगा।

तो ठीक है, अब आइए देखें:

63. कृपया त्रिएकता को समझाए। पुत्र किस तरह से पिता के दाहिने हाथ पर बैठ सकता है, बिचवाई को कर रहा हैं... पिता के लिए, यदि वे दो व्यक्ति नहीं हैं?

435 तो, प्रिय मित्र, यह एक... यही—यही एक प्रकाशन है। यदि यीशु ने कहा, “मैं और मेरा पिता एक हैं,” तब वे दो कैसे हो सकते हैं? समझे? अब, वे दो नहीं हैं।

436 एक बार एक महिला ने मुझसे कहा, और मैं इसे समझा रहा था, कहा, “तुम और तुम्हारी पत्नी दो हैं—है, फिर भी तुम एक हो।”

437 मैंने कहा, “लेकिन, परमेश्वर और पुत्र इससे भिन्न हैं, देखो।” मैंने कहा, “आपने मुझे देखा? ”

"हाँ।"

"क्या आप मेरी पत्नी को देखते हैं? "

"नहीं।"

438 मैंने कहा, "तब, पिता और पुत्र की बात भिन्न है; यीशु ने कहा, 'जब तुम मुझे देखते हो, तुम पिता को देखते हो।'" देखा?

439 पिता और पुत्र... पिता सर्वशक्तिमान यहोवा था (परमेश्वर) एक आराधनालय में वास करते हुए जिसे यीशु मसीह कहा गया, जो कि परमेश्वर का अभिषिक्त पुत्र था। यीशु एक मनुष्य था, परमेश्वर एक आत्मा है। और किसी भी मनुष्य ने कभी भी परमेश्वर को नहीं देखा है, लेकिन पिता *के* इकलौते उत्पन्न ने उसे घोषित किया। वह... वह... उसका व्यक्तित्व, उसका अस्तित्व, उसकी दैविकता, जो कुछ भी वह था, वह परमेश्वर था! वह कुछ भी कम नहीं था या परमेश्वर से अधिक कुछ भी नहीं था। फिर भी, वह एक मनुष्य था। वह एक मनुष्य था, एक घर जिसमें परमेश्वर वास करता था। यह ठीक बात है, वह परमेश्वर का रहने का स्थान था।

440 अब, यदि आप उस पर कुछ वचनों को चाहते हैं: भाई नेविल, क्या आप मेरे लिए संत मरकुस 14:62 को निकालेंगे। और बहन वुड, आप मेरे लिए इफिसियों 1:20 को निकाले। किसी और के पास बाईबल है? तो, अपना हाथ उठाये। बहन अर्नोल्ड, आपके पास एक वहां पीछे है? तो ठीक है, आप मेरे लिए प्रेरितों के काम 7:55 को निकाले। ठीक है। मरकुस 14:62, भाई नेविल; और बहन वुड इफिसियों 1:20 है; प्रेरितों के काम 7:55, बहन अर्नोल्ड।

441 तो ठीक है, क्या आपने इसे निकाला है, भाई नेविल? तो ठीक है, अब पढ़ें। [भाई नेविल वचन को पढ़ते हैं—सम्पा।]

> [*यीशु ने कहा, मैं हूं: और तुम मनुष्य के पुत्र को देखोगे जो सर्वसामर्थ के दाहिने हाथ पर बैठा हुआ है, और आकाश के बादलों के साथ आ रहा है।*]

442 तो ठीक है, अब, वहां पहले वाक्यांश को देखें, यीशु ने कहा, "**मैं हूं**।"

443 "**मैं हूं**।" **मैं हूं** कौन था? सारे संसार में कभी कोई एक मनुष्य नहीं हुआ जो इसका अनुवाद कर सके। यहां तक कि... आप जो शब्दकोष और आदि-आदि को पढ़ते हैं, वहां कभी भी कोई मनुष्य नहीं रहा है जो समझ

सके... यह है जे–वी–एच–यू। और यहां तक कि इब्रानी विद्वान भी इसका उच्चारण कभी नहीं कर सके। वहां वह जलती हुई झाड़ी, उस दिन जब उसने मूसा से भेंट की, यह था जे–वी–एच–यू। इसलिए उन्होंने इसका उच्चारण किया "जे–ओ–एच, यहोवा," लेकिन यह "यहोवा" नहीं है। जे–वी–एच–यू, देखो, कोई नहीं जानता।

444 और आप कहते हैं, "तो ठीक है, मूसा इसे नहीं समझ सका।"

445 उसने कहा, "मैं किसके लिए बता सकता हूं? "

446 उसने कहा, "कहना, '**मैं हूं**' ने तुम्हें भेजा है। **मैं हूं**।"

447 अब देखो, ***मैं हूं*** एक वर्तमान काल है, ना ही "मैं था" या "मैं होऊंगा," **मैं हूं**। अब, उसने कहा, "यह सारी पीढ़ियों में से होते हुए स्मरण रहेगा: **मैं हूं**।"

448 अब यीशु की ओर देखे जो उस दिन यहां पर्व पर खड़ा हुआ था। उन्होंने कहा, "अब हम जानते हैं कि तुम पागल हो।" सही शब्द, "तुम सनकी हो।" (*सनकी* "पागल" होता है।) "हम जानते हैं कि तुम पागल हो। तुम एक सामरी हो, तुम्हारे पास एक शैतान है।" (संत यूहन्ना, 6वां अध्याय) और उसने कहा, "अब, तुम कहते हो कि तुमने... अब्राहम को देखा है, और तुम पचास वर्ष से अधिक उम्र के भी मनुष्य नहीं हो? " (हो सकता है वह अपने समय पर थोड़ा बूढ़ा दिखाई देता होगा, लेकिन वह केवल तीस वर्ष का था, लेकिन उसका काम था।) कहा, "तुम्हारा मतलब है कि तुम पचास वर्ष से अधिक उम्र के मनुष्य भी नहीं हो, और कहते हो कि तुमने 'अब्राहम को देखा है'? हम जानते हैं कि अब तुम पागल हो।" देखा?

उसने कहा, "इससे पहले कि अब्राहम था, **मैं हूं**।"

449 "**मैं हूं**," वह महान **मैं हूं** था। यहाँ वह इन यहूदियों को फिर से बता रहा है, देखो, "**मैं हूँ**! और जब तुम मुझे सामर्थ के दाहिने हाथ पर आते हुए देखते हो... " क्या यह सही है?

450 इसे फिर से पढ़ें, भाई। [भाई नेविल वचन को पढ़ते हैं—सम्पा।]

[... *और तुम मनुष्य के पुत्र को सामर्थ के दाहिने हाथ पर बैठे हुए और आकाश के बादलों पर आते हुए देखोगे।*]

451 अब आपका वचन पढे, बहन वुड। [टेप पर खाली स्थान। बहन वुड कहती है, "इफिसियों 1:20?"—सम्पा।] जी हां, महोदया। [बहन वुड वचन को पढ़ती है।]

[*जो उस ने मसीह के विषय में किया, कि उस को मरे हुओं में से जिलाकर, और उसे उसके अपने दाहिने हाथ पर स्वर्गीय स्थानों में बैठा दिया।*]

452 तो ठीक है, आपका वचन पढे, बहन। देखो, यह बिल्कुल वैसा ही है। [बहन अर्नोल्ड प्रेरितों के काम 7:55 पढ़ती है—सम्पा।]

[*परन्तु उस ने पवित्र आत्मा से परिपूर्ण होकर स्वर्ग की ओर देखा, और परमेश्वर की महिमा को, और यीशु को परमेश्वर की दाहिनी ओर खड़ा देखकर,*]

453 अब, आप देखते हैं, यी... परमेश्वर के पास एक बड़ा दाहिना हाथ नहीं हो सकता है, देखो, और यीशु उसके दाहिने हाथ *पर* खड़ा है। *दाहिने हाथ* का अर्थ होता है "अधिकार।" देखा? केवल उदाहरण के लिए, क्या हो यदि—यदि मुझे कलीसिया का पूरा अधिकार होता था, या मैं किसी प्रकार का बिशप होता था, और भाई नेविल ने मेरा स्थान ले लिया, वह मेरा दाहिना हाथ होता। देखिए, इसका अर्थ है कि वह... वह मेरे दाहिने हाथ पर होता।

454 अब, यीशु सामर्थ के दाहिने हाथ पर है। अब, वह ऐसा कहता है, यहां इफिसियों में, जब वह इसे समझा रहा है, वह सामर्थ के दाहिने हाथ पर है। "स्वर्ग और पृथ्वी की सारी सामर्थ" (उसने कहा, उसके पुनरुत्थान के बाद) "मेरे हाथों में दी गई है। मेरे पास स्वर्ग और पृथ्वी की सारी सामर्थ है। इसलिए तुम जाकर और सारे राष्ट्रों को सिखाओ, उन्हें पिता और पुत्र पवित्र आत्मा के नाम में बपतिस्मा दो, उन्हें उन सब बातों का पालन करना सिखाना, जिसकी मैंने तुम्हें आज्ञा दी है; देखो, मैं संसार के अंत तक सदा तुम्हारे साथ हूं।"

455 "स्वर्ग और पृथ्वी की सारी सामर्थ।" कहां है वो... यदि वहां उसके अलावा कोई ईश्वर है, तो वह सामर्थहीन है। देखो, कोई और परमेश्वर नहीं हो सकता है। "स्वर्ग और पृथ्वी की सारी सामर्थ" उसके हाथ में है। तो, आप देखते हैं, "वह दाहिने हाथ पर खड़ा हुआ है," (जैसा कि उस व्यक्ति ने सवाल पूछा), इसका मतलब यह नहीं है...

456 अब देखो, देह... परमेश्वर एक आत्मा है। जी हाँ, कितने यह समझते हैं? कहे, “आमीन।” परमेश्वर एक आत्मा है, यीशु एक मनुष्य है, और यीशु परमेश्वर देहधारी हुआ था। यीशु था... हम कभी भी परमेश्वर को नहीं देख सकते थे, देखो, वह एक आत्मा है। आप आत्मा को नहीं देख सकते। “किसी भी मनुष्य ने परमेश्वर को कभी भी नहीं देखा है।” कोई भी मनुष्य परमेश्वर को नहीं देख सका।

457 और मुझे यह कहने दो, “आपने मुझे कभी नहीं देखा।” आपने मुझे अपने पूरे जीवन में कभी नहीं देखा है, और आप मुझे कभी भी नहीं देख पाएंगे। यह सही है। आप इस शरीर को देखते हैं जो इस व्यक्ति को घोषित करता है, जो यहाँ पर है। अब, इस शरीर के पास अनंत जीवन नहीं है, लेकिन आत्मा के पास अनंत जीवन है। यह देह वापस चली जाएगी, लेकिन यह इसकी समानता में फिर से आगे आएगी, जैसे गेहूं का एक दाना जो जमीन में चला जाता है। मसीहत पुनरुत्थान पर आधारित है, ना कि किसी के बदले स्थान पर रखना। पुनरुत्थान; वही यीशु नीचे गया, वही यीशु वापस ऊपर आया। यदि आप लाल सिर वाले नीचे जाते हैं, तो आप लाल सिर वाले वापस ऊपर आते हैं; यदि आप काले सिर वाले नीचे जाते हैं, तो आप काले सिर वाले ही ऊपर आते हैं। देखो, यह एक पुनरुत्थान है।

458 जब आप खाने के लिए जाते हैं... मैंने डॉक्टर से यह पूछा, ज्यादा समय नहीं हुआ, मैंने कहा, “ऐसा क्यों है जब मैं सोलह वर्ष का था... हर बार जब मैं खाता हूं, मैं अपने जीवन को नया करता हूं? ”

459 कहा, “यह ठीक बात है।”

460 आप हर बार नई—नई कोशिकाओं को लेते हैं... मांस बनाते हैं... मतलब भोजन लहू की कोशिकाओं को बनाता है, और वह लहू कोशिका आपको मजबूत बनाती है। इसी तरह से आप जीते हैं। तब, हर बार किसी को तो मरना होता है, आपके जीने के लिए। हर दिन, कुछ तो मरता है: यदि आप मांस खाते हैं, तो गाय मरती है; या जो कुछ भी आप खाते हैं; और मछली मरती है; या—या गेहूँ मरता है, ताकि रोटी को बनाये; आलू मरता है, जिसने आलू को बनाया; और... जीवन का हर एक रूप; आप केवल मरे हुए वस्तु के जरिये से ही जी सकते हैं।

461 और आप केवल अनंतता में जी सकते हैं क्योंकि कोई तो मरा है: यीशु। ना ही इसलिए कि आप कलीसिया से जुड़ गए हैं, इसलिए नहीं कि आपने

बपतिस्मा लिया था, इसलिए नहीं कि आपने मसीहत होने का दावा किया है; क्योंकि आपने यीशु मसीह के जीवन को स्वीकार किया है जो लहूलुहान था... लहू जो आपके लिए बहाया गया था, और आपने उसे अपने व्यक्तिगत उद्धारकर्ता के रूप में स्वीकार किया।

462 अब, ध्यान दें, मैं यह पूछता हूं। मैं आपसे *यह* पूछना चाहता हूं। इसे देखो, यह सुंदर है। हो सकता है मैंने इस पर पहले सिखाया हो (मैं नहीं जानता) यहां; हर जगह प्रचार करते हुए, आप भूल जाते हैं कि आपने एक बार बताया है... कुछ स्थानों पर क्या कहा है। लेकिन, फिर ऐसा क्यों है...

463 अब, मैं समझता हूं, बहन स्मिथ... मैं नहीं जानता कि मैं भाई फ्लेमन को बहुत पहले जानता था या नहीं। और त्रुफेना, मुझे वह याद है जब वह एक छोटी लड़की थी। आपको मैं याद होऊंगा, जब मैं हुआ करता था... छोटा सा, नाटा, भारी; काले, लहराते बाल। मैं बॉक्स किया करता था। ओह, मैंने सोचा कि मैं संसार का एक प्रचलित व्यक्ति हूं। "ओह," मैंने सोचा, "मुझे कोई पछाड़ नहीं सकता। नहीं, श्रीमान।" लेकिन मैं—मैं इस पर मूर्ख बन गया, आप देखिये। लेकिन मैं... अब, मैंने तब सोचा, "ओह, प्रभु।" मैंने सोचा, "यदि आप इस चीज को मेरी पीठ पर रख सकते हैं, तो मैं इसके साथ सड़क पर चलकर जाता।" निश्चय ही, मुझे कुछ भी परेशानी नहीं है। और हर बार जब मैं खाता हूं, मैं हर समय बड़ा और मजबूत होता जाता हूं। हर बार मैं नया जीवन डालता... मैंने पत्तागोभी, आलू, और बीन्स, और मांस खाया, बिल्कुल वैसे ही जैसे मैं आज खाता हूं। और मैं हर समय मजबूत और बड़ा होता गया। और जब मैं लगभग पच्चीस वर्ष का होने जा रहा था...

464 मैं उस समय की तुलना में अब बेहतर खाता हूं, आप सभी मुझे जानते हैं, यह जानते हैं। मैं अब अच्छा खा सकता हूं, हम सब अच्छा खा सकते है। लेकिन ऐसा क्यों है, भाई ईगन, तब, यदि मैं अब भी अच्छा खाना खा रहा हूं, इसमें से अधिक, बेहतर विटामिन खाता हूं और हर चीज... और जितना अधिक मैं खाता हूं, मैं धीरे-धीरे कम होता जाता हूं। और अब मैं एक झुके हुए कंधे वाला मनुष्य होते जा रहा हूं, गंजे सिर वाला, और बाल सफेद हो रहा है, और हाथ झुर्रीदार हो रहे हैं, चेहरा अंदर दब रहा है, कंधे नीचे की ओर झुक रहे है, सुबह को उठना कठिन होता है, और... ओह,

प्रभु। ऐसा क्यों है? यदि मैं अपने जीवन को हर बार जब मैं खाता हूं, नया बनाता हूं, तो फिर ऐसा क्यों होता है?

465 यदि मैं एक घड़े में से पानी को एक गिलास में डाल रहा हूं, और यह आधा भरा हुआ होता है, और फिर ऊपर आने के बजाये हर समय नीचे की ओर जाना आरंभ करता है; और जितना अधिक मैं उंडेलता हूं, यह तेजी से नीचे जाता है। आप वहां है। और यदि आपको करना पड़े तो आप इसे वैज्ञानिक रूप से साबित नहीं कर सकते हैं। यह पुस्तक ही केवल एक चीज है जो साबित करती है कि परमेश्वर ने इसे ठहराया है; यह एक नियोजन है, जिसमें परमेश्वर ने हमें आते हुए देखा है।

466 आप बुजुर्ग पुरुष, और आप बुजुर्ग महिलाये, हो सकाते है आपमें—आपमें से किसी के पति और आपकी पत्नियां चले गए हो, जो—जो कुछ भी चिंतित नहीं करता है। हाल्लेलुय्या! वे बस पूरी तरह से उस ओर पर्दे के पार, प्रतीक्षा कर रहे हैं, और वे फिर से आपके साथ होने की लालसा रखते हैं। यह सही है, निश्चय ही, वे रखते हैं। वे फिर से एक साथ होने की लालसा रखते हैं। बाईबल ने कहा कि वे, वे प्राण वेदी के नीचे चिल्ला रहे हैं, "प्रभु, कब तक? " देखा? वे अपनी सही अवस्था में नहीं हैं।

467 परमेश्वर ने हमें कभी भी दूत नहीं बनाया, उसने हमें पुरुष और स्त्री बनाया। हम हमेशा पुरुष और स्त्री बने रहेंगे, क्योंकि हम परमेश्वर की अपनी खुद की बुद्धिमत्ता की उपज है। हम हमेशा ही पुरुष और स्त्री बने रह सकते हैं।

468 लेकिन यह क्या करता है? देखो, हो सकता है आप सोचते हैं कि जब आप वेदी पर चलकर गए, आप और पति, कहा कि हम एक दूसरे को वैध विवाहित पत्नी होने के लिए स्वीकार करते हैं और इस विवाह के पवित्र दशा में एक साथ रहेंगे, और परमेश्वर के अनुग्रह और इत्यादि, और आपकी सारी गवाही जो आप देते हैं, और आपने जो प्रतिज्ञा की है। पहली बात जो आप जानते हैं, ध्यान देना आरंभ करते है, आप दोनों। वह सीधा था, और बाल चमकदार थे; और माँ और उसकी सुंदर, छोटी भूरी आँखें, या नीली आँखें, या ये जो कुछ भी था। ओह, आपने उसे किस तरह से देखा। आप बाहर चलकर गए, आपने पिता की ओर देखा, "अब, उनके कंधों को पीछे की ओर सीधा करे"; और कुछ समय के बाद वे गिरने लगते है। माँ के बाल सफेद हो जायेगे, गठिया हो जायेगा और आदि–आदि। और थोड़ी देर के

बाद, वह चली जाती है, या पिता दूर चले जाते है।

469 यह क्या था? जब परमेश्वर ने आपको वहां खड़े हुए देखा, तो उसने कहा, "ऐसा ही है, इसी तरह से मैं तुम्हे चाहता हूं। ठीक है। मृत्यु, तुम आ जाओ, लेकिन तुम उन्हें तब तक नहीं ले सकती, जब तक मैं तुम्हें अनुमति नहीं देता।"

470 ओह, ओह, मैं अय्यूब के बारे में सोचता हूं। जी हाँ, परमेश्वर नीचे की ओर देख रहा था, अय्यूब जानता था कि परमेश्वर उससे प्रेम करता है। (और ध्यान दे, वो आपको नहीं ले सकता।) उसने कहा, "तुमने उसे अपने हाथों में लिया है, लेकिन तुम उसके जीवन को नहीं लेना।"

471 और फिर पहली बात जो आप जानते हैं, कंधे झुकना आरंभ हो जाते हैं, और थोड़ी देर बाद आप चले जाते हैं। यह क्या हुआ था?

472 अब, पुनरुत्थान में ऐसी एक भी चीज नहीं होगी जो मृत्यु को दर्शाती हो। वहां एक भी चीज नहीं हो सकती है जो इस धरती को दर्शाती हो, जो... देखो, आप परमेश्वर की इच्छा के द्वारा ऊपर आ रहे थे, आपके पास जीवन था। तब मृत्यु आ गई, आपको नीचे ले जाती है। उसी भोजन को और हर चीज को खाते हुए, उसी तरह का पानी पी रहे है, हर एक चीज; लेकिन मृत्यु अंदर आ गई। लेकिन तस्वीर पहले से ही तैयार है। हाल्लेलुय्या! पुनरुत्थान में आप फिर से जीवन होंगे। और वहां कोई मृत्यु नहीं होगी, या मृत्यु की कोई सरूपता नहीं होगी, या बुढ़ापा, या अपंगता या कुछ भी। अविनाशी, हम उसकी समानता में खड़े होंगे, हमेशा के लिए सिद्ध। हाल्लेलुय्या। ओह, मैं... यह किसी को भी जयजयकार करने को लगाता है, विशेष रूप से जब आप मेरी उम्र में पहुंचते हैं।

473 मेरी उम्र है, मैं सोचता हूं, जब आप, इसके बारे में सोचते हैं, हमेशा से कहीं अधिक। आप बस उस बदलते हुए ढाँचे पर हैं, आप देखते हैं। वो... आप सोचने लगते हैं, "यह सब क्या है? मैंने क्या किया है? " मैं यहां पीछे देखता हूं, मैं सोचता हूं, "ओह, प्रभु! तो, यह कहाँ चला गया है, प्रभु? यहां मैं अड़तालीस वर्ष का हूं, दो और वर्ष, मैं सौ के आधे वर्ष का हो जाऊंगा। व्यूह! मैं केवल... जरा उन कुछ प्राणों की ओर देखें जिन्हें मैंने जीता है; मैं लाखों और लाखों और प्राणों को जीतना चाहता हूं।" परमेश्वर, मेरी सहायता करें।

474 मुझे यहां तक अपने आप पर शर्म आती है कि छुट्टी पर घर आया हूं।

सोचकर कि, “ओह, फसल पक चुकी है, और मजदूर थोड़े है। लाखों पाप और लज्ज़ा में हर दिन मर रहे हैं, उनकी पुकार को सुने।” मैं वहां रात को बिस्तर पर जाता हूं और उन बेचारे छोटे मूर्तिपूजको को उस ओर देश में चिल्लाते हुए सुनता हूं। किस तरह से वे हजारों की संख्या में लोग आये थे, मेरे पीछे-पीछे आये, और—और वहां हवाई अड्डे पर खड़े हुए थे जहां उन्हें वहां उन्हें पीछे रोके रखने के लिए नागरिक सेना को रखना पड़ा था, केवल यीशु मसीह की कहानी को सुनने के लिए।

475 और यहां हम विनंती कर सकते हैं, और अखबार में विज्ञापन देते हैं और हर चीज, और उनके बैठने के लिए बहुत ही बेहतरीन स्थानो को लेते है, बेहतरीन गीत गाने वालों के साथ सबसे अच्छा मनोरंजन, वे आयेंगे और, “*आह्ह्ह*! तो ठीक है, मैं सोचता हूं कि यह अच्छा था, हालांकि ये मेरे विश्वास से संबंधित नहीं है।”

476 ओह, प्रभु, यह कितने—कितने—कितने समय तक टिक सकता है? यह नहीं... यह सही नहीं है। और यहाँ पर हम सैकड़ों और अरबों टन खाने की चीजों को कूड़ेदान में फेंक रहे हैं, और जब कि वे लोग इसे ख़ुशी से ग्रहण करेंगे। और वे उसी तरह से धरती की सृष्टियां है जैसे हम है। ओह, हम... तो, यह बहुत लंबे समय तक इस तरह का कार्य नहीं चल सकता।

477 तो ठीक है, अब, पिता कौन है? पिता और पुत्र एक है। देखो, पहला यूहन्ना 5:7 में, इसने कहा, “वहां तीन हैं जो स्वर्ग में गवाही को देते हैं, पिता, वचन (जो कि पुत्र है)... पिता, पुत्र, और पवित्र आत्मा: ये तीनो एक है।”

478 “धरती पर तीन है जो गवाही देते हैं, जो कि जल, लहू और आत्मा है।” यही तीन तत्व है जो मसीह की देह में से आये। उन्होंने उसके बगल में भाले से छेदा: पानी निकला, लहू निकला, “तेरे हाथों में मैं अपनी आत्मा को सौंपता हूं।” आप वहां है, यही तीन तत्व है। ये तीन एक नहीं है, लेकिन वे एक में *सहमत* हैं।

479 पिता, पुत्र और पवित्र आत्मा; पहला यूहन्ना 5:7 कहता है, “ये तीनो एक *है*।”

480 “जल, लहू और आत्मा एक में *सहमत* होते हैं।” ना ही एक, लेकिन एक में *सहमत* होते है। सो पिता... और केवल एक चीज जो देह कर सकती है, जब परमेश्वर स्वयं को देख सकता है, कि दण्ड में से होते हुए यह देह

निकलती है, वहां एक मध्य... ठीक वहां पर मध्यस्थता है, आप देखिये। वहां पर जब वह देखता है कि लहू उसके और न्याय के बीच में खड़ा है। यहाँ उसका वचन है, जो कहता है, "जिस दिन तुम इसे खाओगे, उस दिन तुम मर जाओगे।" और यहाँ यीशु ने कहा, "मैं... लेकिन मैंने उनका स्थान ले लिया। देखो, मैंने उनके स्थान को ले लिया है।"

481 उस रात को मेरी बताई कहानी याद है जहां मैंने उस महिला के बहुत बुरे दर्शन को देखा जो वहां कमरे में था? और मैं उसे दोषी ठहरा रहा था, कहा, "परमेश्वर, आप उस स्थान को क्यों नहीं उड़ा देते? " तब उसने *मुझे* दिखाया, देखो। और मैं उसके पास चलकर गया और उसे बताया कि क्या हुआ था।

अब, यह मेरा अंतिम प्रश्न है।

64. क्या आप सोचते हैं, वचनों के अनुसार, कि यहूदी लोग... कलीसिया के रेपचर से ठीक पहले मसीह को स्वीकार करेंगे?

482 मैं—मैं—मैं वास्तव में विश्वास करता हूं कि कलीसिया का रेपचर... यह मेरा अपना विचार है, देखिये। और यदि हमारे पास समय होता, तो हम इसे पूरा ले लेते, लेकिन यह—यह अब नौ बज चुके है। देखिए, मैं विश्वास करता हूं कि यहूदी लोग मसीह को उसके दूसरे आगमन पर ग्रहण करेंगे। अब याद रखें, ताकि व्यक्ति को यह पता चलेगा, हमारी आंखें अंधी हो गई थी, या, उनकी आंखों को अंधा कर दिया गया था जिससे कि हम अपनी दृष्टि को पा सके। हर कोई जानता है, वचन इसके विषय में बताता है। क्या यह सही है? पौलुस हमें बताता है कि हमारे... कि हम अंधे हुए... कि यहूदियों को अंधा कर दिया गया जिससे कि हम मसीह को ग्रहण कर सके। देखा? और हम जंगली जलपाई के पेड़ है जिसे लेपालकपन के द्वारा पेड़ में साटा गया है।

483 अब यहाँ पर मेरा विचार है, जिसे मैं बस आपको देने जा रहा हूँ... वे मुझसे पूछते हैं, "क्या आप सोचते हैं... ? " अब यहाँ जिस तरह से मैं सोचता हूं कि यह बात जगह लेगी। मैं नहीं जानता। यह जो भी है, मैं निश्चित हूं कि परमेश्वर के अनुग्रह और उसकी दया के द्वारा, हम वहां पर होंगे; देखो, उसके अनुग्रह के द्वारा, यह जो कुछ भी है। मैं हो सकता है इसे समझ नहीं सकता हूं, लेकिन यहां है जो मैं सोचता हूं। मैं विश्वास करता हूं कि हम अंत समय पर हैं। मैं विश्वास करता हूं कि अन्यजातियों का युग

ठीक अभी समाप्त हो रहा है। मैं विश्वास करता हूं कि हम नजदीक हैं।

484 और अब यहूदी लोग; यहाँ दो बातें रही है जो हमेशा ही यहूदियों के साथ गलत रही है: वे अंधे थे, वे इसे नहीं देख सके; और इसलिए अन्यजाति लोग, एक बात के लिए, बहुत सी बार…

485 मैंने बेंटन हार्बर में एक यहूदी से बात की, बहन स्मिथ, और आप जानते हैं कि उसने मुझसे क्या कहा? वहां उन इस्राएल में से एक पर… वहां इस्राएल के स्थान। यह प्रश्न एक अंधे मनुष्य की चंगाई के विषय में है। और उसने कहा, "आप यहूदियों को नहीं काट… आप परमेश्वर को तीन टुकड़ों में नहीं काटकर और उसे एक यहूदी को नहीं दे सकते; उसे पिता, पुत्र और पवित्र आत्मा बनाते हैं।" कहा, "आप एक यहूदी के साथ ऐसा नहीं कर सकते, हम कोई मूर्तिपूजक नहीं हैं।" कहा, "हम *एक* परमेश्वर में विश्वास करते हैं।" देखा?

486 और आप परमेश्वर को तीन बनाते हैं: परमेश्वर पिता, परमेश्वर पुत्र, और परमेश्वर पवित्र आत्मा; निश्चय ही आप वहां एक यहूदी को अंधा करते है, क्योंकि वह बेहतर जानता है। वह इससे बेहतर जानता है। यह आपको एक मूर्तिपूजक बना देता है ये बस उतना ही निश्चित है जितना कि मूर्तिपूजक होते है, आपके पास तीन ईश्वर हैं। आपको उन्हें एक ही परमेश्वर बनाना है, यह तीन ईश्वर नहीं है, यह एक ही परमेश्वर के तीन कार्य स्थान है। देखो, परमेश्वर ने पितृत्व में काम को पूरा किया, उसने पुत्रत्व में काम को पूरा किया, और वह अब पवित्र आत्मा के समु काल में काम को पूरा करता है। यह स्वयं वही परमेश्वर है।

487 यही कारण है कि हमें पिता, पुत्र, पवित्र आत्मा के नाम में बपतिस्मा देने का आदेश दिया गया था; क्योंकि, ना ही एक नाम में… *नाम* में, ना ही नामों में; ना ही नामों में, या पिता के नाम में, पुत्र के नाम में, पवित्र आत्मा के नाम में; लेकिन "पिता, पुत्र और पवित्र आत्मा के नाम में।" देखो, एक ही परमेश्वर की पहचान देते हुए जो कि मसीह है। देखो, यही तो ये है, यह किसी और तरीके से नहीं हो सकता है। देखा? और वचन…

488 और—और फिर यदि हमारा प्रकाशन गलत है, तब तो पतरस और बाकी के प्रेरितों ने गलत बात को सिखाया; क्योंकि बाईबल में हर एक व्यक्ति ने प्रभु यीशु मसीह के नाम में बपतिस्मा लिया था। एक भी व्यक्ति ने कभी भी "पिता, पुत्र, पवित्र आत्मा," में बपतिस्मा नहीं लिया था, यह एक

कैथोलिक सिद्धांत है। मैं आपको उनके अपने शब्दों के द्वारा साबित कर सकता हूं, और उनके अपने शब्दकोष और हर एक चीज के द्वारा साबित कर सकता हूं। यह एक कैथोलिक मत–सिद्धांत है और ना ही एक—और ना ही एक बाईबल की शिक्षा। और ना ही कोई मनुष्य...

489 यहां तक कि इंग्लैंड के राजा ने भी यीशु मसीह के नाम में बपतिस्मा लिया था। अंतिम प्रेरित की मृत्यु के लगभग छह सौ वर्ष बाद, जब इसे उस वक्त इंग्लैंड भी नहीं कहा जाता था, इसे "एंजल लैंड" कहा जाता है। यही वह नाम है, जहां से यह आया है। उसने यीशु मसीह के नाम में बपतिस्मा लिया था।

490 जिसने उसे परिवर्तित किया, वह एक छोटी सी चिड़िया थी। जब... यदि मैं सोच सकता हूं, ना ही संत एंजेलो। अब उसका नाम क्या था? अगबुस, संत अगबुस, मैं सोचता हूं कि यही था, मैं अब मुझे पक्का नहीं है कि वही नाम होगा। लेकिन, जो भी है, वह वहां पर गया, और उन्होंने इनमें से कुछ को लिया...

491 उन्होंने उन्हें दूत कहा क्योंकि, लोग और अश्शूरी लोग और आदि–आदि अश्वेत सांवले रंग के थे, और इन अंग्रेजो के लंबे, सफेद, घुंघराले बाल, सुनहरे सिर वाले, एंग्लो–सैक्सन, आप जानते हैं, नीली आंखों वाले। और उन्होंने कहा, "वे दूतों के समान दिखाई पड़ते थे," और इसलिए उन्होंने इसे "दूत का देश" कहा।

492 और वो—वो प्रभु का सेवक वहां पर गया और अपने राजा को प्रचार कर रहा था, और वे वहां पर एक बड़ी, खुली आग में बैठे हुए थे। ज्यादा समय नहीं हुआ मैं इसका इतिहास पढ़ रहा था। और एक छोटी चिड़िया उजियाले में उड़ी और वापस बाहर चली गई, और राजा ने सवाल को पूछा, "वह पक्षी कहाँ से आया और वह कहाँ चला गया? " देखा? "वह उजियाले के अंदर आया, और हमने उसे देखा, और वह वापस अंधकार में चला गया। क्या मनुष्य इसी प्रकार से नहीं जाता है? " उसने कहा।

493 "लेकिन वह क्या था इससे पहले कि वह यहां आ सके? " प्रचारक ने कहा, देखो। इस बात ने राजा को छु लिया; और अगली सुबह, उसे और उसके घराने ने यीशु मसीह के नाम में बपतिस्मा लिया था। यह सही है।

494 तब क्या? पहला मनुष्य जिस पर कभी छिड़काव किया गया था या कभी किसी और तरह से बपतिस्मा दिया गया था "पिता, पुत्र, पवित्र

आत्मा," के नाम में यह कैथोलिक कलीसिया में था। अब तक का पहला छिड़काव कैथोलिक कलीसिया में हुआ था। अब तक की पहली बार पानी का उण्डेला जाना कैथोलिक कलीसिया में हुआ था। प्रोटेस्टेंट कलीसिया ने हमेशा ही बपतिस्मा लिया... बाईबल में, प्रेरितों ने, यीशु मसीह के नाम में डुबाने के द्वारा लिया था। हर कहीं पर। बस एक स्थान को दिखाये जहां उन्होंने कुछ और लिया था, देखो।

495 अब, इस महान समय में, यहूदी नहीं कर सकते... मैंने उस रब्बी से पूछा, मैंने कहा, "रब्बी, क्या आपके लिए भविष्यवक्ताओं पर विश्वास करना कठिन होगा?"

496 उसने कहा, "मैं भविष्यवक्ताओं पर विश्वास करता हूं।"

497 मैंने कहा, "यशायाह 9:6 में, उसका क्या अर्थ था, 'हमारे लिए एक पुत्र जन्मा है'? वह किसके विषय में बोल रहा था?"

498 उसने कहा, "वह मसीहा के लिए बोल रहा था।"

499 मैंने कहा, "तब क्या मसीह जन्म लेगा?"

500 "जी हाँ, वह जन्म लेगा।"

501 मैंने कहा, "तब यदि उसे जन्म लेना है, तो उसके पास... उसके पास एक माँ होगी।"

502 "हां, उसके पास एक मां होनी है। और उसका एक पिता भी होना है," उसने कहा।

503 मैंने कहा, "बिल्कुल सही है। और क्या आपके लिए यह विश्वास करना कठिन होगा कि ऐसा नहीं होगा... कि वो परमेश्वर महान यहोवा जिसने लाल समुंद्र को खोला, क्या वो इस बालक को निष्कलंक जन्म के द्वारा जन्म नहीं दे सकता?" देखा? वहां वह था।

504 उसने कहा, "लेकिन आप उसे तीन ईश्वर नहीं बना सकते।"

505 मैंने कहा, "वह तीन ईश्वर नहीं है।" मैंने कहा, "मसीह का परमेश्वर से क्या संबंध होगा?"

506 उसने कहा, "वह परमेश्वर होगा।"

507 मैंने कहा, "अब आप समझ गए। अब आपने इसे पकड़ा, वह परमेश्वर है।" बिल्कुल ऐसा ही है।

508 तब उसने मुझे बताने की कोशिश की, कहा, “तो ठीक है, यह मनुष्य एक चोर था, यह जो नासरत का यीशु था। वह एक चोर था।”

509 मैंने कहा, “रब्बी, वह भला कैसे एक चोर था? ”

510 “तो ठीक है, ” उसने कहा, “आपके अपने वचनों में कहा गया है, कि ‘वह सब्त के दिन मकई के खेत में गया, और मकई को ले लिया।’ ”

511 मैंने कहा, “अब, रब्बी, आप बेहतर जानते हैं... इस वचन के बारे में अधिक जानते हैं। आपका अपना वचन कहता है कि यह वैध बात है, ‘एक मनुष्य के लिए यह उचित है कि वह जाकर और जितना चाहे उतना मकई खाये, लेकिन इसे उसके बस्ते में ना डाले और इसे बाहर ना ले जाए।’ आपका अपना नियम कहता है, रब्बी।”

512 और वह वहां थोड़ी देर खड़ा हुआ था, उसने—उसने—उसने इसका विश्वास किया, क्योंकि उसने—उसने गवाही दी। उसने कहा, थोड़ी देर बाद, उसने कहा, “तो ठीक है, किस—किस कारण से यूहन्ना की ऑखें... ” कहा, “आपने इसे कैसे लिया? ”

513 मैंने कहा, “यीशु मसीह के नाम में।”

514 “उह।” वह—वह नहीं जानता था; कहा, “तो ठीक है, आप परमेश्वर को तीन टुकड़ों में नहीं काट सकते।”

515 मैंने कहा, “वह यहोवा था जो देह में प्रगट हुआ था, रब्बी। वह... यही तो वह था, वह देह में यहोवा था। उसका खुद का मनुष्य नाम, वह छुटकारे का नाम था, क्योंकि स्वर्ग के नीचे कोई दूसरा नाम नहीं दिया गया है कि एक मनुष्य को बचाया जा सके, केवल उस मानव छुटकारे के नाम के जरिये से: प्रभु यीशु मसीह। यह सही है। वह परमेश्वर था, वह परमेश्वर है, वह हमेशा परमेश्वर रहेगा, यह बिल्कुल सही बात है, प्रभु यीशु मसीह।”

516 अब, मैं विश्वास करता हूं कि अन्यजाति कलीसिया जल्द ही... अन्यजाति कलीसिया की देह को पूरा करेगी। द्वार जो बीच में... यीशु ने कहा, मत्ती 24 में, (मैं उस एक वचन को एक मिनट के लिए लूंगा), उसने कहा, “वे यरूशलेम की शहरपनाह को रौंदेंगे, जब तक अन्यजाति का समय काल समाप्त नहीं हो जाता।”

517 अब ध्यान दे। यह हमारे प्रभु यीशु के द्वारा दिया गया था, मत्ती 24 में, कि यहूदियों को तस्वीर से बाहर निकाल दिया जाएगा। दानिय्येल ने कहा, वहां पीछे पुराने भविष्यवक्ताओं में, उसने कहा कि वहां यहूदियों के लिए अब भी सत्तर सप्ताह होंगे। और मसीह आएगा (वो राजकुमार) और सत्तरवें सप्ताह के मध्य में भविष्यवाणी करेगा, जो कि सात वर्ष होते है, वह बीच में ही काटा जाएगा। देखो यह कितना सिद्ध था, यीशु ने ठीक साढे तीन वर्ष प्रचार किया गया था और क्रूस पर चढ़ाया गया था। लेकिन वहाँ तीन… जो ठीक यहाँ इस दूसरे प्रश्न पर आते हैं। अभी भी उनके लिए साढ़े तीन वर्ष बाकी है, उन यहूदियों के लिए। इसे होना ही है।

518 अब यदि आप प्रकाशितवाक्य के 7वें अध्याय को लेंगे, यूहन्ना ने इस्राएल के बारह गोत्रों में से एक लाख चवालीस हजार यहूदियों को मोहरबंद देखा। देखा मेरा क्या मतलब है? अभी घटित होने से पहले, आगे आने को है।

519 अब देखो यह कितना सुंदर है, इससे पहले कि हम अब बंद करें। ध्यान दें कि यह कैसे—कैसे घूमता है। अब, वे यहूदी अंधकार में आ चुके हैं।

520 अब, यहाँ ये यहूदी, उनमें से अधिकांश यहाँ है, बस… आप जानते हैं कि वे कैसे हैं, उनके पास संसार की धन-संपत्ति है। और वे तो बस—बस पैसे वाले लोग हैं, और यही सब है जो आप इसमें से बना सकते हैं, देखो; और बहुत ही घमंडी, और बेरुख किस्म के है, और नहीं सुनते है। लेकिन, यह वे लोग नहीं है जिनके बारे में वह बात कर रहा था, यदि आप इस पर ध्यान देंगे।

521 अब, अन्यजाति… अब देखो, इन यहूदियों के लिए अब भी साढे तीन वर्ष बाकी है। अब, यीशु ने कहा कि यरूशलेम नगर अन्यजातियों के द्वारा रौंदा जाएगा जब तक अन्यजाति का समय काल… (अब, आप लोग जो समय काल में विश्वास नहीं करते, इस विषय में क्या है?)… जब तक अन्यजाति का समय काल समाप्त नहीं हो जाता। और जब अन्यजातियों का समय काल समाप्त हो जाता है (अन्यजातियों का समय पूरा हो जाता है), तब यह नगर वापस यहूदियों को दे दिया जाएगा। और यीशु यह कहने के लिए आगे बढ़ा कि वो पीढी… कहा, "जब तुम बाहर जाकर और अंजीर के पेड़ को अपनी कोपले निकालते हुए देखते हो, और दूसरे सारे पेड़ विकसित हो रहे है," कहा, "तुम जानते हो कि ग्रीष्म ऋतु नजदीक है।"

कहा, “इसी प्रकार जब तुम इन बातों को घटित होते हुए देखते हो, तो जान लो कि समय निकट है, द्वार पर है; और मैं तुम से सच–सच कहता हूं, कि जब तक ये बातें पूरी न हो जाएं, तब तक यह पीढ़ी ना टलेगी।”

522 अब, उन्होंने उस पीढ़ी में इस बात के लिए देखा, “यही है जिसके बारे में वो बात कर रहा था।” बिल्कुल नहीं!

523 सुनना! उसने कहा, “जिस पीढ़ी ने अंजीर के पेड़ को अपनी कोपले निकलते हुए देखा।” अब देखो, उसने कहा, “अंजीर का पेड़, और दूसरे सारे पेड़।” अब, दूसरे शब्दों में, “उस समय पर एक विश्वव्यापी बेदारी होगी।” अब इस भविष्यवाणी को देखें, यह किस तरह से काम करती है और बस सिद्धता में मिश्रित हो जाती है। अब ध्यान दे। “दूसरे सारे पेड़ अपनी कोपले निकाल रहे हैं, फिर से जीवित हो रहे हैं।” एक पेड़, जब यह अपनी कोपले निकाल रहा होता है, तो फिर से जीवित हो जाता है। क्या यह सही है? अब, कोई भी जानता है, एक भविष्यवाणी का शिक्षक, कि अंजीर का पेड़ हमेशा से यहूदी रहा है। हम यह जानते हैं। यह यहूदी है। अब वो...

524 और योएल को देखो, जब उसने इसे वहां पर लिया, उसने कहा, “जो कुछ गाजाम नाम टिड्डी से बचा, उसे अर्बे नाम टिड्डी ने खा लिया; और जो कुछ अर्बे नाम टिड्डी से बचा, उसे येलेक नाम टिड्डी ने खा लिया; और जो कुछ येलेक नाम टिड्डी से बचा... ” यदि आप ध्यान दें, यह वही कीड़ा है, जो भिन्न–भिन्न चरणों में है: गाजाम, अर्बे, येलेक। यह सब एक ही कीड़ा है, यह बस इसके जीवन के विभिन्न चरण है। अब देखो, वही कीड़ा वहां पीछे उस यहूदी पेड़ पर खाने लगा, इसे काट दिया, और इसने खाना आरंभ किया और खाया और खाया और खाया, इतना तक कि यह इसे एक ठूंठ पर ले गया; लेकिन फिर उसने कहा, “‘मैं लौटा दूंगा,’ यहोवा यों कहता है, ‘सब वर्षों तक जो टिड्डीयों ने खा लिया है। और मैं अपने लोगों को आनंदित करूंगा।’” देखा? अब, पेड़ को खा लिया गया है। अन्यजातियों को इसमें साटा गया था, यह सच है। तो ठीक है, हमें अवश्य ही फल लाना है।

525 अब जब अंत का समय आता है, जब हम अंत की ओर बढ़ रहे होते हैं (यदि मैं इसे ठीक से देखता हूं), सुसमाचार यह है: वहां एक महान बेदारी जगह लेना चाहिए।

526 अब, क्या आप जानते हैं कि यहूदियों का झंडा संसार का सबसे पुराना झंडा है? और यह दो हजार वर्षों से निष्क्रिय पड़ा हुआ है, उससे भी अधिक, लगभग पच्चीस सौ वर्षों से। यहूदियों का झंडा, वह छ: कोनों वाला दाऊद का तारा, पच्चीस सौ वर्षों तक कभी नहीं लहराया गया; बाबुल के—के ले जाने के बाद से लेकर। और अब, क्योंकि रोमन साम्राज्य ने उन्हें ले लिया था (और मसीहा आया और उन्होंने इसे अस्वीकार कर दिया), और धरती की चार हवाओं में तितर–बितर हो गये। लेकिन क्या आप जानते हैं, मई के छठवे दिन, 1946 को, वो झंडा फिर से यरूशलेम पर वापस आ गया? क्या आप जानते हैं, सात मई, 1946 को, प्रभु का दूत मेरे सामने प्रकट हुआ (अगले दिन) यहाँ ऊपर, और मुझे सारे संसार भर में एक बेदारी को लाने के लिए भेजा? उसके ठीक अगली सुबह! जब वह झंडा यरूशलेम में फहराया गया, जब उस दोपहर को सूरज नीचे डूब रहा था, प्रभु का दूत यहां पर संयुक्त राज्य में उसी समय पर प्रगट हुआ। “जब तुम अंजीर के पेड़ को देखते हो और बाकी के पेड़ फल को ला रहे है!”

527 कितने लोगो को याद है वो तारा यहाँ ओहियो नदी पर नीचे बना हुआ है, बहुत वर्षो पहले, जब उसने कहा... यहाँ इसकी एक तस्वीर अभी भी यहाँ पर है, जब वह नीचे आया। कहा, “तुम्हारा संदेश दूसरे आगमन के लिए एक अग्रदूत के रूप में आगे जायेगा, ठीक वैसे ही जैसे यूहन्ना पहले आगमन के लिए एक अग्रदूत के रूप में आगे गया।” और, देखो, सारे संसार भर में बेदारी फ़ैल गयी है। दसो हजार गुना हजारों और हजारों, और एक महान बेदारी।

528 सारे नियमवादी, और सारे देश भर में विभिन्न लोग, और बड़ी–बड़ी कलीसियाओं ने कहा, “बिली रविवार के दिन समाप्त हो गए है।” लेकिन जब उन्होंने देखा कि कलीसिया फिर से बेदारी में आ रही है (आम लोग), उन्हें उनके चेहरे जो बचाना था। चार्ल्स फुलर ने उस स्थान को ले लिया होगा, लेकिन वह बहुत बूढ़ा था; इसलिए वे बिली ग्राहम के साथ गए। और परमेश्वर ने बिली ग्राहम को लिया, मतलब, बैपटिस्ट कलीसिया ने लिया, और वे सब उसके पास जाने लगे। और बिली ग्राहम आधे प्रचारक नहीं है जो भाई नेविल है, जहाँ तक एक प्रचारक होने के नाते, ना ही... नहीं, किसी भी तरह से नहीं। लेकिन यह क्या है? उन्हें यह करना था, यह संघटित है, और हर एक जन जो ठीक इसके इर्द–गिर्द इकट्ठा हो रहा है। बिली भी इसी बात को कहता है। देखो, उन्हें यह करना था। और इसे

परमेश्वर के वचन को पूरा करने के लिए किया जाना था। उनके पास चारों ओर एकत्र होने के लिए आत्मा नहीं था, इसलिए उन्हें चारों ओर एकत्र होने के लिए वचन को लेना था; सो उन्होंने किया। और बिली एक वचन का प्रचारक है, और एक बहुत आकर्षक है, और वे चारों ओर एकत्र हुए; जिससे कि सारे ठंडे औपचारिकताओ को उनकी सभा में डाल दिया जाए। और अलौकिक अस्तित्व, दिव्य चंगाई के साथ, और सामर्थ और कार्य और इत्यादि, परमेश्वर के अद्भुत कार्यो के द्वारा, इसे... कलीसिया, रेपचर हुई दुल्हन जिसके पास उसके दीये में तेल है, उसे एक बेदारी में डाल देते है। देखा? और ठंडी औपचारिक कलीसिया की अपनी बेदारी थी। और यहां इस्राएल अपनी बेदारी के साथ मुड़ रहा है।

529 मेरे पास ठीक अभी मेरे घर में एक फिल्म है, *आधी रात के लिए तीन मिनट*। और हमारे पास उन यहूदियों की एक तस्वीर है जो अंदर आ रहे हैं। अंदर आ रहे हैं; आपने इसे *लुक* पत्रिका में देखा है। और जहाज, लदे हुए है, वहां दूर ईरान में से आ रहे है और वहां से; वे यहूदी कभी नहीं जान पाए कि यीशु कभी धरती पर था, वे वहां उजड़ने वाले बाबुल की ओर चले गए। यही है सब जो वे कभी जानते थे। उन्होंने जोता... आपने इसे *लुक* या *लाइफ* और दूसरी पत्रिकाओं में देखा, जहां उन्होंने पुराने लकड़ी के औजारों से जोता था। और जब उन्होंने उन हवाई जहाजों को आते हुए देखा, तो उन्होंने सोचा, "यही है यह," क्योंकि परमेश्वर ने उन्हें बताया "वे वहां पर होंगे, और उकाब के पंखों पर वापस यरूशलेम ले जाया जाएगा।'" यह सही है। वे वहां हैं। और यहूदी ने कहा, "यही है।" उन्होंने सीधे आगे कदम बढाया, और हमने उनकी उनकी अपनी आवाज के साथ तस्वीरों को लिया, और उनका इंटरव्यू लिया; सारे दुनिया भर से आ रहे है। उनमें से कुछ लोग अपने बुजुर्ग लोगों को अपनी पीठ पर लादे हुए थे, और वे अंधे और अपाहिज थे। और वे संसार के विभिन्न भागों से जहाजों से उतर रहे थे, वहां पर आ रहे थे।

530 और वे जमीन पर से बोरो में पत्थर उठाने लगे; और आज उन्होंने पानी के सोते को पाया है, जो कि संसार का सबसे बड़ा कृषि प्रधान देश है। मृत सागर बाकी के सारे संसार की तुलना में अधिक धन–सम्पति को रखता है। यहूदी वापस लौट रहे हैं; यह अन्यजातियों से छिपा हुआ है, लेकिन वे गुलाब की तरह खिल रहे हैं।

531 उन्होंने उन—उन यहूदियों से कहा, उन्होंने कहा, "क्या तुम अपने देश में मरने के लिए वापस आ रहे हो।"

532 कहा, "हम मसीहा को देखने के लिए वापस आ रहे हैं। वह कहाँ पर है? उसे यहाँ होना चाहिए।"

533 भाई, जब आप अंजीर के पेड़ को अपनी कोपले निकालते हुए देखते हैं, उसने कहा, "यह पीढ़ी तब तक जाती ना रहेंगी जब तक सब पूरी ना हो जाए।" औपचारिकताओ के साथ बेदारी को देखे। कलीसिया के साथ बेदारी को देखें। यहूदियों के साथ आने वाली बेदारी को देखें, वे मसीहा के आने की प्रतीक्षा कर रहे हैं। कलीसिया, आत्मा से भरी कलीसिया, दुल्हन जो उसके साथ... वे कुंवारियां उनके दीयों में तेल के साथ विवाह के भोज में जायेंगी।

534 यहूदी कहेंगे, "यह वही है। वहां हमारा परमेश्वर है जिसकी हमने प्रतीक्षा की है।" यही है जहां आपके एक लाख चवालीस हजार... जिसमें कि रसलिट लोग मिश्रित हो गए है। वहां वे यहूदी खड़े होते हैं जो उसे ग्रहण करेंगे। उन्होंने कहा, "वहां पर हमारा परमेश्वर है जिसकी हमने प्रतीक्षा की है।" वे उसे देखेंगे, कहेंगे, "तुमने वे कहाँ से मिले? तुम्हारे अपने हाथों में वे घाव के निशान कहां से मिले हैं? "

535 उसने कहा, "मैंने उन्हें अपने मित्रों के घर में पाया।" यह ठीक बात है, "मेरे मित्रों का घर।"

536 वह क्या करेगा? अन्यजाति कलीसिया को महिमा में उठा लिया जाएगा और दुल्हन का विवाह मसीह से होगा।

537 यूसुफ ने अपने आप को अपने लोगों पर कैसे प्रगट किया? उसने हर एक अन्यजाति को अपनी उपस्थिति से बाहर किया। उसने निश्चय ही किया। स्त्री के बीज के शेष बचे हुओ का क्या होगा? अजगर ने उसके मुंह से जल को उगला कि युद्ध करे; यीशु ने कहा, "वे बाहरी अंधकार में डाल दिए जाएंगे, और वहां रोना और विलाप और दांतों का पीसना होगा," सताव और परीक्षाओं की बड़ी घडी अन्यजाति कलीसिया पर आयेगी।

538 तब क्या बात जगह लेगी? जब शहीद हुए लोग आते है, जब परमेश्वर हर चीज को उन यहूदियों से अलग कर देता है, यीशु वापस आयेगा जैसे यूसुफ आया। जब उन्होंने यूसुफ को सुना, जब उसने अपने सारे पहरेदारों को और हर एक चीज को बाहर किया, और उसने छोटे बिन्यामीन को देखा

और वे वहां पर खड़े थे, और वे लोग यूसुफ को मारने के लिए पश्चाताप कर रहे थे। उन्होंने सोचा था कि वे यूसुफ को मार डालेंगे, और यहाँ पर वह उनके सामने खड़ा था। उसने कहा, "मैं यूसुफ हूं। मैं तुम्हारा भाई हूं।"

539 तब वे वास्तव में कांपने लगे, "वह यूसुफ है। अब हम उसे जानते हैं।"

540 जब वह कहेगा, "मैं यीशु हूं। मैं मसीहा हूं।"

541 वे कहेंगे, "ओह, प्रभु, अब हम क्या ग्रहण करेंगे!"

542 यह सब परमेश्वर की महिमा के लिए किया गया था। ऐसा नहीं होगा कि वो... तो ठीक है, वे उसे फिरौन के महल में रोते हुए सुन सकते थे, यूसुफ उनके लिए रो रहा था।

543 रुके रहना जब तक यीशु उन यहूदियों को नहीं देख लेता है कि उसे उन्हें अंधा करना था ताकि हम अन्यजातियों को अंदर आने का मौका मिले, यह एक ऐसा समय होगा, मैं आपको बता रहा हूं। वह उन यहूदियों को ले लेगा, आप कभी भी चिंता न करें, वे यहूदी बच जाएंगे। जी हां, श्रीमान, वहां पर ऐसा होना ही है। और इसके बारे में मेरा यही विचार है, मैं इसे वचन में और कहीं नहीं देख सकता। आपको उन तीनों को फिर से एक साथ रखना होगा।

544 आपको उस—उस सोई हुई कुंवारी को रखना है, उस—उस कलीसिया को बस सामान्य, अंगीकार करना है, देखो। आपको कलीसिया को लेना है... यही है, पहले यहूदी, पहले यहूदी, जो कि बस एक अंधा व्यक्ति है जो किनारे पर प्रतीक्षा कर रहा है। आपको अगला कदम उठाना होगा, जो कि सोई हुई कुंवारी है, जो विलंब करने वाली थी, और बस बाहर जाती है और कलीसिया में चली गई, और कलीसिया से जुड़ गयी, और बहुत अच्छे लोग। तब आपको कलीसिया को लेना है, आत्मिक, रेपचर, दुल्हन, वहां वह खड़ी होती है। वे तीन लोग, आप नहीं कर सकते... वे मिश्रित नहीं हैं, जरा भी नहीं। वे सब एक से नहीं है। ना ही जो यहोवा विटनेस कह रहे है, "वहां एक लाख चवालीस हजार दुल्हन है"; यह गलत है। यही यहूदी है, देखिये। वहां एक दुल्हन है, यहूदी, और सोई हुई कुंवारी। और आप उन सभी को लेते है, और कहते है, "तो ठीक है, वे तीनों अलग-अलग स्थानों पर हैं।" वे सब तीन विभिन्न वर्ग के लोग है। निश्चय ही, वे नहीं कर सकते।

545 फिर जब यीशु धरती पर वापस आते है... यहूदी, वे लोग क्या हैं? मंदिर के खोजे। और जब यीशु वापस आता है, तो वह दुल्हन के *साथ* आता है। यीशु तीन बार आता है: पहली बार वह अपनी कलीसिया को *छुड़ाने* के लिए आया, वह अपनी कलीसिया को *लेने* के लिए दूसरी बार आता है, वह अपनी कलीसिया के *साथ* तीसरी बार आता है। देखा? बिल्कुल सही। तो यह सब एक महान सिद्ध आगमन है, यह सब एक महान सिद्ध परमेश्वर है; यह सब एक महान सिद्ध मसीह है; एक महान सिद्ध कलीसिया, एक महान सिद्ध छुटकारा,... हर एक चीज; यह एक त्रिएकता पर आता है, लेकिन यह सब एक में है। देखा? यह तीन लोग नहीं है, *यह* तीन नहीं है; यह तो केवल एक व्यक्ति है, एक कलीसिया, एक देह, एक मसीह, एक प्रभु "सब में आप, और सब में से होते हुए आप," और इसी तरह से आदि-आदि। सब एक!

546 प्रभु आपको आशीष दे। मैंने आपको बहुत देर तक रोके रखा है।

547 प्रभु ने चाहा तो, अब, यदि मुझे कुछ रातों के लिए फिर से आना होता है, या रविवार की रात को या ऐसा ही कुछ, यदि यहां पास्टर के पास उसके हृदय में कुछ नहीं है, तो मैं यहां इनका उत्तर देने का यत्न करूंगा। ओह, यहाँ कुछ बढ़िया से सवाल है। कितने लोग उन्हें सुनना चाहेंगे? ओह, मैं बस उन्हें पसंद करता हूं। इससे पहले कि हम पास्टर के हाथ में सभा को दे, मैं फिर से उनमें से होकर जाऊंगा, सीधा बहुत ही जल्दी।

548 अब इसे सुनना:

> **पत्थर कहां-कहां से... ? प्रकाशितवाक्य 21 में वे पत्थर क्या दर्शाते हैं?** यह एक अच्छा प्रश्न है।
>
> **प्रकाशितवाक्य 5 के चार पशुओ को समझाए**। एक और अच्छा प्रश्न है।
>
> **चौबीस प्राचीन कौन हैं?** वहां एक और अच्छा प्रश्न है, देखो।
>
> **उत्पत्ति 38 के लाल रंग की डोरी का क्या अर्थ था?** आपको याद होगा, उसने जाकर अपनी बहू को लिया और उसके साथ एक वेश्या के समान रहने लगा; और उसके दाम को दिया और आगे आया; और फिर जब बालक का जन्म होता है, उन्होंने उसके हाथ पर लाल रंग की डोर को बाँध दिया (उसने हटा दिया और फिर वह वापस आ

गया), वो—वो अगला प्रश्न उसके सामने आता है। ओह, यह एक अच्छा है; यह निश्चय ही है।

प्रकाशितवाक्य 11 में गवाहों की मृत्यु के संबंध में कौन से उपहार भेजे जाने हैं? यही है जब मूसा और एलिय्याह इन एक लाख चवालीस हजार की बेदारी के लिए वापस आते हैं। **वे उपहार क्या है?** देखो वे क्या हैं, यह बढ़िया सवाल है।

एक हजार वर्ष के बाद संत कहां पर होंगे... (वहां एक अच्छा सवाल है, लड़के। क्या...)**... राज्य के बाद? उनके पास किस प्रकार की देह होगी?**

हम दूतों का न्याय कैसे करेंगे?

पहले कुरिन्थियों में दूतों का बाल विषय में क्यों है? पहले कुरिन्थियों की किताब में। कुछ अच्छे प्रश्न है, वास्तव में बहुत ही अच्छे।

549 प्रभु आपको आशीष दे। मैं आशा करता हूं कि प्रभु हमें एक साथ इकट्ठा होने और इन बातों पर चर्चा करने की अनुमति देगा, यह सब उसकी महिमा के लिए है। हम उनके विचारों पर असहमत हो सकते हैं; लेकिन मैं एक बात को कहूंगा, यदि आप सभी लोगो को उन प्रश्नों को सुनकर उतना ही आनंद मिलता है जितना मुझे उनके बारे में बोलते हुए मिलता है, तो हमारे पास एक अद्भुत समय होता है। आमीन। आमीन।

550 तो ठीक है, अब प्रभु आपके लिए वास्तव में भला होगा। सभाओं को मत भूलना। भाई नेविल के प्रसारण को, अब, जो कि डब्लूएलआरपी पर है, शनिवार सुबह नौ बजे; नेविल चार का समुदाय, और मुझे यकीन है कि वे आपकी अच्छाई के लिए होंगे, चालू करके और उन्हें सुने। और यदि मैं कर सकता हूं, यदि मैं समय पर वापस आता हूं, या देखता हूं कि मैं वापस आऊंगा, तो मैं पत्नी को फोन करूंगा; यदि प्रभु मुझे अनुमति देता है कि मैं जाकर प्रिय बूढ़े भाई बोसवर्थ से मिलूं। मैं... आप सब... और मैं रविवार रात को वापस आऊंगा।

551 प्रभु अब आपके लिए भला हो। और भाई, पास्टर, यहां कुछ मिनट के लिए आ जाये; और उसे सभा को लेने दे। और:

परिवार की प्रार्थना को मत भूलना,
यीशु आपसे वहां मिलना चाहता है;

वह आपकी हर चिंता को ले लेगा,
ओह, परिवार की प्रार्थना को मत भूलना।

552 आप यह पसंद करते है? कितने लोग अपने घर में प्रार्थना करते है? आइये देखते हैं, सारे... सारे... यह ठीक है, परमेश्वर के समीप बने रहे। अच्छे बने रहो, छोटे बच्चों, परमेश्वर आपको आशीष देगा।

तो ठीक है, भाई नेविल।

प्रश्न और उत्तर इब्रानियों भाग 2 HIN57-1002

(Questions and Answers on Hebrews Part II)

कलीसिया श्रृंखला का प्रबन्ध, व्यवस्था और शिक्षा

यह सन्देश हमारे भाई विलियम मेरियन ब्रंहम के द्वारा मूल रूप से इंग्लिश में बुधवार शाम, 2 अक्टूबर, 1957 को ब्रंहम टेबरनेकल, जेफ़रसनविले, इंडियाना, संयुक्त राज्य अमेरिका, में प्रचारित किया गया। जिसे चुम्बकीय टेप रिकॉर्डिंग से लिया गया है और इंग्लिश में विस्तृत छापा गया है। इस हिंदी अनुवाद को वोइस ऑफ गॉड रिकॉर्डिंग के द्वारा छापा गया और बांटा गया है।

HINDI

©2024 VGR, ALL RIGHTS RESERVED

VOICE OF GOD RECORDINGS, INDIA OFFICE
19 (NEW NO: 28) SHENOY ROAD, NUNGAMBAKKAM
CHENNAI 600 034, INDIA
044 28274560 • 044 28251791
india@vgroffice.org

VOICE OF GOD RECORDINGS
P.O. BOX 950, JEFFERSONVILLE, INDIANA 47131 U.S.A.
www.branham.org

कोपी राईट सूचना

सारे अधिकार सुरक्षित है। यह पुस्तक व्यक्तिगत प्रयोग या मुफ्त में देने और एक औजार के समान यीशु मसीह का सुसमाचार फैलाने के लिये
घर के प्रिंटर पर छाप सकते हैं।

इस पुस्तक को बेचना, अधिक मात्रा में फिर से छापना, वेब साईट पर डालना, दुबारा छापने के लिये सुरक्षित रखना, दूसरी भाषाओं में अनुवाद करना या धन प्राप्ति के लिये निवेदन करना निषेध है। जब तक की वायस ऑफ गोड रिकार्डिंग कि लिखित अनुमति प्राप्त ना कर ली जाये।

अधिक जानकारी या दूसरी उपलब्ध सामग्री के लिये कृपया संपर्क करें:

वायस ऑफ गोड रिकार्डिंग्स

पोस्ट बोक्स 950 जैफरसन विले, इन्डियाना 47131 यू. एस. ए.

www.branham.org